www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 1 मई 2022, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-18 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

जिन्दगी का हर एक छोटा हिस्सा ही हमारी जिदंगी की सफलता का बड़ा हिस्सा होता है

आज बेबाक

बाहुबली और बाहुबली-2 से लेकर आरआरआर और केजीएफ-2 तक साउथ की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जो धमाल मचाया है उससे बॉलीवुड के हाथों से तोते उड़ गए है। खानों की तिकड़ी की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर पानी भी नहीं मांग रही है। नतीजतन बॉलीवुड के तमाम नामी गिरामी स्टार फिल्मों की जगह अब विज्ञापन करने लगे है। शीतल पेय से लेकर गुटखा तक न जाने क्या-क्या बेच रहे है। यदि उत्तर प्रदेश के नोएडा में फिल्म सिटी बन गई तो इनमे से कई बेरोजगार कलाकार कोल्डड्रिंक और गुटखा की दुकाने खोल कर बैठ जाएं तो कोई ताज्जुब नहीं होगा।

मुख्यमंत्रियों और मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

सबको मिले न्याय इसके लिए रोडमैप हो तैयार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन का उद्घाटन किया। पीएम ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में न्यायपालिका और सरकार का दायित्व अब बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि 2047 में जब देश आजादी के 100 साल पूरा करेगा तब हम कैसा देश चाहते हैं, हम किस तरह अपने न्याय

व्यवस्था को इतना समर्थ बनाएं कि वो 2047 के भारत की आकांक्षाओं को पूरा कर सके, उन पर खरा उतर सके, ये प्रश्न आज हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। पीएम के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमना और केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं सभी 25 हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और राज्यों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छह साल बाद सम्मेलन आयोजित

छह साल बात आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में कार्यपालिका और न्यायपालिका के लिए न्याय के सरल वितरण के लिए रूपरेखा तैयार करने और न्याय प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा हो रही है। इसके साथ ही न्यायपालिका से जुड़ी इमारतों के लिए 'नेशनल ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर अथारिटी आफइंडिया' के गठन का मुद्दा भी इसमें उठ सकता है। पहला मुख्य न्यायाधीशों का सम्मेलन नवंबर 1953 में आयोजित किया गया था और अब तक 38 ऐसे सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। पिछला सम्मेलन वर्ष 2016 में आयोजित किया गया था। वहीं मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन और मुख्यमंत्रियों और मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन दोनों को सीजेआई रमण की पहल पर अब छह साल के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है।

6 लोगों को नया जीवन देगी सात साल की ब्रेन डेड बच्ची

नई दिल्ली। एम्स दिल्ली में इलाज करा रही सात साल की ब्रेन डेड लड़की के माता-पिता उसके अंग दान करने के लिए सहमत हो गए हैं। अंग प्रत्यारोपण में यह सात साल की बच्ची कम से कम 6 लोगों को नया जीवन देने जा रही है। बेटी के अंग प्रत्यारोपण को लेकर उसके माता पिता काफी खुश हैं। बच्ची का इलाज करने वाले डॉक्टरों के अनुसार, शुक्रवार को उसके लीवर, किडनी और कॉर्निया और हार्ट वॉल्व की जांच की गई थी। एम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ दीपक गुप्ता ने बताया कि नोएडा के रहने वाले एक शख्स (पेशे से दर्जी) के छह बच्चों में से एक लड़की को सिर में चोट लगने के कारण बुधवार रात 11.30 बजे एम्स के ट्रॉमा सेंटर लाया गया।

मिशन-2023 में जुटी कांग्रेस

सीएम सामरी से करेंगे दौरे की शुरुआत, मंत्री टीएस सिंहदेव जाएंगे दंतेवाड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। चुनावी मिशन से पहले भूपेश बघेल सरकार फील्ड में उतर रही है। सीएम के बाद अब स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का कार्यक्रम भी तय हो गया है। टीएस बाबा भी प्रदेश का दौरा करेंगे। 4 मई को बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा से उनका दौरा शुरू होगा। सिंहदेव योजनाओं की जमीनी हकीकत देखने के साथ आम लोगों और सामाजिक संगठनों से मुलाकात करेंगे। 4 मई से सीएम भूपेश बघेल सरगुजा संभाग के सामरी विधानसभा से दौरा शुरू करेंगे। दौरा कार्यक्रम योजनाओं की जमीनी सच्चाई जानना है, लेकिन इसी बहाने पार्टी के कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव के लिए रीचार्ज भी करना है। राजनीतिक गलियारों में दौरों



की चर्चा भी खूब चल रही है।

सीएम भूपेश बघेल 90 विधानसभा क्षेत्रों में बारी-बारी जाएंगे। भूपेश स्थानीय स्तर पर परफार्मेंस के साथ आम लोगों से फीडबैक भी लेंगे। सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिले के सामरी विधानसभा क्षेत्र में सीएम सबसे पहले जाएंगे। अब स्वास्थ्य मंत्री के दौरे का भी शेड्यूल जारी किया गया है। सिंहदेव 4 मई को नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा, 5 मई को बस्तर, 6 मई को कांकेर और 7 मई को धमतरी जिले का दौरा करेंगे। सभी जिलों में बैठक लेने के बाद सिंहदेव मीडिया से भी बात करेंगे। सिंहदेव के दौरे से पहले नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया ने निगम, पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों का दौरा किया था। दौरे के दौरान भूपेश सरकार ग्रामों में उपलब्ध नागरिक सुविधाओं, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, शासकीय कामों, शासकीय कार्यालयों आदि का निरीक्षण करेंगे। सीएम ग्रामीणों, प्रमुख व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों से बात करेंगे तथा उनसे फीड बैक व सुझाव लेंगे। मुख्यमंत्री उसी विधानसभा क्षेत्र में रात्रि विश्राम करेंगे। टीएस सिंहदेव भी विभागीय अधिकारियों की बैठक लेने के साथ सामाजिक संगठनों व पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी कलेक्टरों को सीएम व मंत्री सिंहदेव के दौरे के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

कल से तीन देशों की यात्रा पर रवाना होंगे पीएम मोदी

■ 25 कार्यक्रमों में होंगे शामिल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो मई से तीन देशों का दौरा करेंगे। इस दौरान वह 25 कार्यक्रमों में शामिल होंगे और तीन दिवसीय यात्रा के दौरान उन देशों में वह लगभग 65 घंटे बिताएंगे। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी सात देशों के आठ नेताओं के साथ

द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकें करेंगे। सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी 50 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जर्मनी और डेनमार्क में एक-एक रात बिताएंगे मोदी

सूत्रों ने बताया कि मोदी जर्मनी और डेनमार्क में एक-एक रात बिताएंगे। उनकी यह यात्रा ऐसे समय होगी, जब यूक्रेन संकट जारी है और रूस की कार्रवाई ने लगभग पूरे यूरोप को उसके विरुद्ध एकजुट कर दिया है। पीएम मोदी की इस यात्रा और बैठकों को काफी अहम माना जा रहा है।

जनरल मनोज पांडे ने संभाली थलसेना की कमान

नई दिल्ली (ए.)। जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को जनरल एम.एम. नरवणे के सेवानिवृत्त होने के बाद 29वें थलेसना प्रमुख के तौर पर पदभार संभाल लिया। उप थलसेना प्रमुख के तौर पर सेवाएं दे चुके जनरल पांडे बल की इंजीनियर कोर से सेना प्रमुख बनने वाले पहले अधिकारी बन गए हैं। एक फरवरी को थल सेना का उप-प्रमुख बनने से पहले वह थल सेना की पूर्वी कमान का नेतृत्व कर रहे थे। इस कमान पर सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा की जिम्मेदारी है।

जनरल पांडे ने ऐसे समय में थल सेना की ■ शेष पृष्ठ 6 पर





ईद उल-फ़ितर का सबसे अहम मक्सद एक और है कि इसमें ग़रीबों को फ़ितरा देना वाजिब है जिससे वो लोग जो ग़रीब हैं मजबूर हैं अपनी ईद मना सकें नये कपडे पहन सकें और समाज में एक दूसरे के साथ खुशियां बांट सकें फ़ित्रा वाजिब है उनके ऊपर जो 52.50 तोला चाँदी या 7.50 तोला सोने का मालिक हो अपने और अपनी नाबालिग़ औलाद का सद्‌क्ये फ़ित्र अदा करे जो कि ईद उल फ़ितर की नमाज़ से पहले करना होता है। ईद भाई चारे व आपसी मेल का तयौहार है ईद के दिन लोग एक दूसरे के दिल में प्यार बढाने और नफ़रत को मिटाने के लिए एक दूसरे से गले मिलते हैं।

मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम का त्यौहार ईद

ईद उल-फ़ित्र या ईद उल-फितर मुस्लमान रमज़ान उल-मुबारक के एक महीने के बाद एक मज़हबी खुशी का त्यौहार मनाते हैं। जिसे ईद उल-फ़ित्र कहा जाता है। ये यक्म शवाल अल-मुकर्रम्म को मनाया जाता है। ईद उल-फ़ित्र इस्लामी कैलेण्डर के दसवें महीने शव्वाल के पहले दिन मनाया जाता है। इसलामी कैलंडर के सभी महीनों की तरह यह भी नए चाँद के दिखने पर शुरू होता है। मुसलमानों का त्योहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस में मिल के मनाते है और खुदा से सुख-शांति और बरक्कत के लिए दुआएं मांगते हैं। पूरे विश्व में ईद की खुशी पूरे हर्षोल्लास से मनाई जाती है। मुसलमानों का त्यौहार ईद रमज़ान का चांद डूबने और ईद का चांद नज़र आने पर उसके अगले दिन चांद की पहली तारीख़ को मनाया जाता है। इस्लाम में दो ईदों में से यह एक है (दुसरी ईद उल जुहा या बकरीद कहलाती है)। पहली ईद उल-फ़ितर पैगम्बर मुहम्मद ने सन 624 ईसवी में जंग-ए-बदर के बाद मनायी थी। ईद उल फित्र के अवसर पर पूरे महीने अल्लाह के मोमिन बंदे अल्लाह की इबादत करते हैं रोज़ा रखते हैं और कुआन करीम कुरान की तिलावत करके अपनी आत्मा को शुद्ध करते हैं जिसका अज्र या मजदूरी मिलने का दिन ही ईद का दिन कहलाता है जिसे उत्सव के रूप में पूरी दुनिया के मुसलमान बडे हर्ष उल्लास से मनाते है

ईद का पर्व खुशियों का त्योहार है, वैसे तो यह मुख्य रूप से इस्लाम धर्म का त्योहार है परंतु आज इस त्योहार को लगभग सभी धर्मों के लोग मिल जुल कर मनाते हैं। दरअसल इस पर्व से पहले शुरू होने वाले रमजान के पाक महीने में इस्लाम मजहब को मानने वाले लोग पूरे एक माह रोजा (व्रत) रखते हैं। रमजान महीने में मुसलमानों को रोजा रखना अनिवार्य है, क्योंकि उनका ऐसा मानना है कि इससे अल्लाह प्रसन्न होते है। यह पर्व त्याग और अपने मजहब के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए, जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके।

ईद उल फितर का निर्धारण एक दिन पहले चाँद देखकर होता है। चाँद दिखने के बाद उससे अगले दिन ईद मनाई जाती है। सऊदी अरब में चाँद एक दिन पहले और भारत मे चाँद एक दिन बाद दिखने के कारण दो दिनों तक ईद का पर्व मनाया जाता है। ईद एक महत्वपूर्ण त्यौहार है इसलिए इस दिन छुट्टी होती है। ईद के दिन सुबह से ही इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। लोग इस दिन तरह तरह के व्यंजन, पकवान बनाते है तथा नए नए वस्त्र पहनते हैं।

ईद उल फितर इस्लाम धर्म में सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक माना जाता है। मुस्लिम समुदाय के लिए यह पवित्र त्यौहार इस्लामिक कैलेंडर में सबसे खास दिन होता है। ईद का अर्थ होता है, खुशी और उल्लास। ईद उल फितर का यह त्यौहार सभी को मिल जुल कर रहना सिखाता है। पारस्परिक सौहार्द और भाईचारे के साथ ईद उल फितर का यह त्यौहार पूरे विश्व में बड़े ही शानदार तरीके से मनाया जाता है। इस्लाम मजहब के अनुसार कुल बारह महीने में एक महीना रमजान का होता है। रमजान महीना सभी मुसलमानों के लिए बहुत पवित्र महीना होता है, जब लोग विशेष प्रकार का रोजा अथवा व्रत रखते हैं। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रमजान नौवें महीने में पड़ता है। अगला महीना को शव्वाल के नाम से जाना जाता है। इस्लामिक परंपराओं और रिवाजों के अनुसार सभी इस्लाम अनुयाई इसी महीने के पहले दिन ईद उल फितर का पवित्र त्यौहार मनाते हैं। जब लोग पवित्र रोजे को तोड़ते हैं, तो आसमान में चांद दिखने के पश्चात अगले ही दिन ईद उल फितर का त्योहार पड़ता है। मूल रूप से ईद उल फितर का त्योहार अरब देशों से पूरे दुनिया में फैला है। इस दिन पूरी दुनिया में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ईद को मनाया जाता है। आमतौर पर इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक पूरे वर्ष में दो बार ईद का त्यौहार मनाया जाता है। ईद उल अजहा तथा ईद उल फितर यह दो प्रकार की ईद मनाया जाता है। ईद उल फितर के दिन सभी मुसलमान इकट्ठे होकर अल्लाह की इबादत करते हैं तथा अपने गलतियों का प्रायश्चित करके नमाज अदा करते हैं। ईद उल फितर का अर्थ होता है दान देना। ईद उल फितर त्योहार को मनाने की शुरुआत सदियों पहले हुई थी। ऐसा माना जाता है, कि ईद उल फितर का संबंध जंग-ए-बद्र के साथ है। सन 624 में मोहम्मद पैगंबर के नेतृत्व में एक जंग हुई थी, जिसके जीत के पश्चात ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाता है। जंग-ए-बदर का यह त्यौहार इस्लाम धर्म में पहला जंग माना जाता है। जब क़ुरैश नामक कबीले के द्वारा मोहम्मद पैगंबर साहब के साथियों पर अत्याचार और क्रूरता किया जा रहा था, तो इसका बदला लेने के लिए बद्र का युद्ध हुआ था।



ईद उल फितर कैसे मनाते हैं?

ईद उल फ़ितर अथवा ईद की प्रतीक्षा सभी मुसलमान बड़े ही उत्साह के साथ करते हैं। इस्लाम धर्म में चंद्रमा का बहुत मुख्य स्थान है। द पूरे संसार को शांति और विनम्रता का संदेश देता है, इसीलिए ईद उल फ़ितर के दिन चांद निकलने पर सभी लोगों में खुशी की लहर दौड़ जाती है। सभी लोग इस दिन चांद निकलने की बहुत उत्सुकता से इंतजार करते हैं। बाजारों में ईद उल फ़ितर की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। हफ्तों पहले से ही सभी मुसलमान अपने घरों की साफ-सफाई और सजावट कार्य करते हैं। बाजारों से नए नए कपड़े, टोपी और अन्य सामान लोग इस दिन खरीदते हैं। ईद उल फ़ितर की तैयारी में मस्जिदों को बहुत ही खूबसूरत तरीके से सजाया जाता है। इस पवित्र अवसर पर मुस्लिम महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी लगाती हैं। ईद उल फ़ितर के दिन पूरा इलाका बड़े ही शानदार तरीके से सजा दिया जाता है। नमाज से पहले इस्लामिक नियमों के अनुसार सभी समर्थ मुसलमान अपनी क्षमता के अनुसार गरीबों को कुछ ना कुछ भेंट करते हैं। पवित्र इस्लामिक ग्रंथ कुरान के अनुसार प्रत्येक मुसलमान को गरीबों की मदद करनी चाहिए, इसीलिए सभी अपनी हैसियत के अनुसार गरीबों में नए कपड़े, भोजन, धन इत्यादि बांटते हैं, जिससे गरीबों की भी ईद सुहावनी बन जाए। ईद का नमाज अदा करने के लिए सभी लोग ईदगाह में उपस्थित होते हैं। बड़े से मैदान में सभी लोग एक साथ मिलकर अल्लाह की इबादत करते हैं। सामान्य दिनों में नमाज को मस्जिदों में अदा किया जाता है, लेकिन ईद उल फ़ितर के खास अवसर पर सभी एकता बनाकर खुले मैदान में नमाज अदा करते हैं। नमाज अदा करने के पश्चात सभी लोग एक दूसरे को ईद उल फ़ितर की शुभकामनाएं देते हैं। सभी बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ एक दूसरे से गले मिलकर भाईचारा को कायम रखने का रिवाज निभाते हैं।

जंगल पहले ही कम हैं ऊपर से आग लग जाती है

नरविजय यादव

ऐसे ही गर्म दिन थे जब मैं हिमाचल प्रदेश में ठंडक भरे दो-चार दिन बिताने के लिए निकला था। करीब तीन साल पहले की बात है। कालका और परवाणु से आगे बढ़ने के बाद पहाड़ियों पर आग के गुबार निकलते दिखाई दिए। वृक्षों के तने जल रहे थे और दमघोंटू धुआं हवा में घुल रहा था। जिस हसरत से पहाड़ की तरफ चला था, सब ठंडी पड़ गई। दुख हुआ पूरे रास्ते में जगह जगह वनों में आग लगी देखकर। गर्मियों में तापमान बढ़ने के साथ वनों में आग लगने की खबरें आने लगती हैं। इस बार फिर, हिमाचल के पहाड़ों पर कई जगह जंगल सुलग रहे हैं। उत्तराखंड के कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के जंगलों में भी आग लगी हुई है। प्रदेश में 124 स्थानों पर आग की घटनाओं की जानकारी मिली है। इससे पहले राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व, उड़ीसा की सिमिलीपाल वाइल्डलाइफ सेंक्चुअरी, मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में लडकुई जंगल और तमिलनाडु की कोडाइकनाल हिल्स के आसपास आग लग चुकी है। इस साल वनों में आग लगने की कुल 1216 घटनाएं हुई हैं, जिनसे करीब 30 लाख रुपए की वन संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक असर मौसम पर पड़ता है। इससे दुनिया भर में जीवन और अर्थव्यवस्थाओं पर प्रभाव पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि आने वाले कुछ साल विश्व के लिए परेशानी वाले साबित होंगे। दुनिया में हर साल 560 प्राकृतिक आपदाओं की आशंका है, जबकि 2015 तक यह संख्या सालाना करीब 400 थी। इससे पहले के आंकड़े देखें तो 1970 से 2000 के बीच, हर साल औसतन करीब 100 आपदाएं ही आती थीं। आगामी समय में ज्यादा संख्या वनों की आग और बाढ़ जैसी आपदाओं की होगी। इनके अलावा महामारी और रासायनिक दुर्घटनाएं भी होंगी। भारत का करीब 22 फीसदी फॉरेस्ट कवर आग लगने के लिहाज से बेहद संवेनशील है। विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल की आग को दो ही चीजें चाहिए, एक तो ईंधन और दूसरा चिनगारी। ईंधन मिलता रहे तो आग लगातार लगी रहती है। चीड़ की नुकीली पत्तियां आग में ईंधन का काम करती हैं। इसलिए चीड़ के वनों से खतरा अधिक है। जमीन पर पड़े सूखे पत्ते और टहनियां भी ईंधन का काम करती हैं। रही बात चिनगारी की तो उसके लिए 75 फीसदी घटनाओं के लिए मानवीय गतिविधियां जिम्मेदार होती हैं। वनों की आग रोकने के लिए ज्यादा काम होना चाहिए और इन्हें कम करने के उपाय किए जाने चाहिए। जैसे आग फैलती है वैसे ही दिमाग में विचार कौंधते हैं। कनाडा की क्वींस यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यक्ति के दिमाग में हर दिन 6,000 विचार आते हैं, जिनमें 80 फीसदी विचार नकारात्मक होते हैं। इनसे व्यक्ति की दिनचर्या पर विपरीत असर पड़ता है और मानसिक तनाव पैदा होता है। इस स्थिति से बचने के लिए प्रतिदिन यदि चार-पांच मिनट मेडिटेशन कर लिया जाए तो नुकसान को रोका जा सकता है। दिमाग में आने वाले विचारों की सफाई और व्यवस्था वैसे ही जरूरी होती है, जैसी कि हम घर की चीजों की करते हैं। दिमाग में मौजूद पुरानी गैरजरूरी यादों और विचारों को यदि कागज पर लिख लिया जाए तो इनसे छुटकारा मिल सकता है और दिमाग शांत रह सकता है। नकारात्मक विचारों से छुटकारा पाने के बाद दिमाग की क्रियाशीलता बढ़ जाती है और रचनात्मक विचारों को जगह मिलती है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हे औघड़ तुझको

हे औघड़ तुझको सिर्फ तुझको पाऊँ मैं तू बता कैसे इस भवसागार को जी जाऊँ मैं अग्नी जल वायू पृथ्वी और आकाश को बता क्यों तेरे नियम से पाऊँ मैं हर जातक को स्थान दिया है तू जग में तुझ तक कैसे पहुंच पाऊँ मैं हर राह चुना, हर बार धुना खुद को तू बता कैसे कोमलता को पाऊँ मैं हे औघड़ तुझको सिर्फतुझको पाऊँ मैं तू बता कैसे इस भवसागार को जी जाऊँ मैं। - **ललित उपाध्याय**

उधार लेने वालों को

उधार लेने वालों को सिर्फएक बार माँगना पड़ता है.. उधार देने वाले को बार बार अपने ही पैसे माँगना पड़ता है ये जरूर याद रहे की किसी का अगर आप 10 रुपया नहीं लौटाते. तो ईश्वर कई लाख आपसे कहीं और खर्च करवाएंगे.. ये कलियुग है .. परंतु ईश्वर के घर देर है अंधेर नहीं।

- अश्क शायर

ख़ास पाती | वक्त की आगोश में इक दिन

वक्त की आगोश में इक दिन पिघल जाऊँ तो क्या मैं फरिश्ता तो नहीं, इक दिन बदल जाऊँ तो क्या दिल तो आख़िर दिल है यह ,उब जाये तो हैरत ही क्या हुस्न की रानाईयाँ हैं ,मैं फिसल जाऊँ तो क्या बाँध कर रखोगे कब तक, गेसू-ए पेचाँ में तुम एक दिन इस पेचो खम से मैं निकल जाऊँ तो क्या मुन्तजिर हूँ तेरा अब तक,मेरे दिल का क्या पता इस बदलते दौर में मैं भी बदल जाऊँ तो क्या बात मत छेड़ो हशर की,हशर देखा जायेगा कब तलक डर के जीऊं,इक दिन फिसल जाऊँ तो क्या बे दरो दीवार घर में ,यूँ ही चल के आ गया एक दिन यूँ ही तेरे दिल से निकल जाऊँ तो क्या कब तलक ठहरा रहूंगा, खूवाब बन कर आंख में अश्क बन कर ,चश्मेतर से, मैं फिसल जाऊँ तो क्या तुमने मंजिल बदली है, तो मैं भी क्यूं बंध कर रहूँ चलते चलते राह में रस्ता बदल जाऊँ तो क्या। - **अनु मित्तल**

बड़ी बड़ी पहाड़ियाँ कर दी वीरों

बड़ी बड़ी पहाड़ियाँ कर दी वीरों के साहस से छोटी देख इनके बाजुओं में पूरे देश ने शक्ति अनोखी दिल में भारत माँ का प्यार दुश्मनों के लिए अंगार जब भिड़े चीन पाक सैनिक तोड़ हड्डियाँ मचाई चीत्कार यह भारत माँ की शान हैं हाँ ये भारत के जवान हैं वीरता की ये पहचान है देश का अभिमान है।

- पुष्पा त्रिपाठी

जुस्तजू जिसकी थी वो मिला ही

जुस्तजू जिसकी थी वो मिला ही नहीं अब खुदा से भी कोई गिला ही नहीं दर्द के नूर से रूह रौशन रहे इसलिए ज़ख्म दिल का सिला ही नहीं।

- कविता सिंह

नज़र आईनों की उतारेंगे राघव तुम्हें बस तुम्हें हम.. निहारेंगे राघव

नज़र आईनों की उतारेंगे राघव तुम्हें बस तुम्हें हम.. निहारेंगे राघव अनुग्रह कृपा हैं ..तुम्हारे विशेषण अहर्निश तुम्हें मन में..धारेंगे राघव मेरी ज़िंदगी ......बंदगी के नियंता सहस नाम लेकर...पुकारेंगे राघव जब तक न आओगे कल ना धरेंगे हम बाट तुम्हरी..... बुहारेंगे राघव मस्ती की बस्ती में हमको बसा लो सुध बुध ज़मीं की बिसारेंगे राघव भंवर बीच लहरें सुदामा न विचले नयन नीर से पद.. पखारेंगे राघव गणिका तरी और अजामिल तरे हैं सुमिरन सहज हो तो. तारेंगे राघव।

- नरेन्द्र पाण्डेय

वहाँ अल्हड़, मदमस्त, जीवंत

वहाँ अल्हड़, मदमस्त, जीवंत प्राणवायु से भरपूर जंगल जमींदोज किये जा रहे हैं, लेकिन निष्प्राण/प्राण-पखेरू विहीन खास डिजाइन के प्रतिस्पर्धी रंगीन झंडे और रंग-रंग के खास डिजाइन के ईंट-पत्थर की प्रतिस्पर्धी संरचना नहीं है न..... होते तो शुतुरमुर्ग, शातिरमुर्ग, राष्ट्रतीतर, राष्ट्रलंगूर, राष्ट्रबैल और मत्स्य चाखना भोगी एक टांग योगी राष्ट्रधूर्त सफेद बगुले बेशक खड़े दिखते!

-हेमन्त बस्तरिया

कौन खड़ा चुप से हमरे इन

कौन खड़ा चुप से हमरे इन चंचल काजल द्वारे सागर सी गहरी अँखियाँ हम डूब गए बस प्रीतम प्यारे आखर आखर बांच रही बिजुरी ख़त बाँट रहे नभ तारे ताक रही हिरणी वन में हम भी तुमको हिय देकर हारे

- ज्योत्सना सक्सेना

QUIZ TIME

1) एच.आई.वी में पाया जाने वाला न्यूक्लीक अम्ल होता है (1 डीएनए / 1 आरएनए)
2) 1955 में बांडुंग सम्मेलन कहाँ हुआ था? (क) वियतनाम (ख) मिस्र (ग) इंडोनेशिया (घ) फिलीपींस
3) शिवसमुद्र एक द्वीप है जो बनाया गया है-
4) आर्य समाज की स्थापना 1875 में पहली बार कहां हुई थी?
5) हैवीवेट श्रेणी का पहला मुक्केबाज कौन था जो अपने सारे जीवन काल में अपराजित रहा?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1 आरएनए (2) इंडोनेशिया (3) कावेरी नदी (4) बंबई (5) रॉकी मार्सियानो

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1886: अमेरिका के शिकागो में कामगारों के लिए काम के घंटे तय करने को लेकर हड़ताल, मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत। 1897: स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। 1908: प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी। 1914: कार निर्माता फोर्ड वह पहली कंपनी बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया। 1923: भारत में मई दिवस मनाने की शुरुआत। 1956: जोनसा साल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए उपलब्ध कराई गई। 1960: महाराष्ट्र और गुजरात अलग अलग राज्य बने। 1961: क्यूबा के प्रधानमंत्री डॉक्टर फ़िदेल कास्त्रो ने क्यूबा को समाजवादी राष्ट्र घोषित कर दिया और चुनावी प्रक्रिया को खत्म कर दिया। 1972: देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण। 1993: श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की बम विस्फोट में मृत्यु हुई। 2009: स्वीडन ने समलैंगिक विवाह को मंजूरी दी। 2011: अमेरिका पर 2001 के हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मारे जाने की पुष्टि।

अक्षय तृतीया पर मां महामाया मंदिर में 100 से अधिक जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

बिलासपुर/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया के दिन तीन मई को सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट रतनपुर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 100 से अधिक जोड़ों ने विवाह के लिए पंजीयन कराया है। पंजीयन की आज अंतिम तिथि है। इसलिए संख्या में और वृद्धि हो सकती है। ट्रस्ट द्वारा विगत 20 सालों से यह निःशुल्क आयोजन हर साल अक्षय तृतीया के स्वयं सिद्ध मुहूर्त में किया जा रहा है। ट्रस्ट के सदस्य संतोष शर्मा ने बताया कि कोविड 19 के कारण पिछले दो वर्षों से यह आयोजन स्थगित किया गया था। इस साल पुनः सामूहिक विवाह समारोह तीन मई को होने जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए आवेदन पत्र ट्रस्ट कार्यालय में लिया जा रहा है। शाम पांच बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। बता दें कि आवेदन पत्र के साथ विवाह में सम्मिलित होने वाले वर व वधु की नवीनतम फ ोटो आयु प्रमाण के लिए स्कूल बोर्ड की अंकसूची या शासन की ओर से जारी जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। इसके साथ निधारित प्रारूप में वर व वधु का नोटरी जमा करना होगा। निवास एव पते की प्रमाणिकता के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आइडी की प्रतिलिपि लगानी होगी। शासन की गाइड लाइन के अनुसार सभी अहर्ता पूर्ण करने वाले परिवार ही इस सामूहिक विवाह समारोह में भाग ले सकते हैं। सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट रतनपुर द्वारा यह आयोजन पूर्णतः निश्शुल्क आयोजित किया जाता है। साथ ही वर व वधुओं को वैवाहिक परिधान कुर्ता पाजामा, दुपट्टा, कटार, पगड़ी, साड़ी, ब्लाउज, पेटीकोट, चुनरी, मौरी माला प्रदान किया जाता है। आवास व भोजन की व्यवस्था मंदिर द्वारा किया जाता है।

दो साल परिसर में उमड़ी भीड़

अक्षय तृतीया पर दो साल बाद महामाया परिसर में लोगों की भीड़ उमड़ेगी। ट्रस्ट द्वारा इसके लिए खास तैयारी की जा रही है। सामूहिक विवाह के दौरान वर-वधू पक्ष की ओर से बड़ी संख्या में उनके परिवार जन के लोग भी शामिल होंगे। जिनके लिए खास व्यवस्था भी की जा रही है। हालांकि ट्रस्ट ने सदस्यों की संख्या को लेकर भी वर वधु पक्ष को स्पष्ट कर दिया है। सामूहिक विवाह के लिए आदि शक्ति मां महामाया दरबार को विशेष रूप से सजाया जा रहा है।

कलेक्टर व एसपी ने स्वामी आत्मानन्द स्कूल का किया मुआयना

सूरजपुर/नवप्रदेश। नव पदस्थ कलेक्टर इफ्फ त आरा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं जिला पंचायत सीईओ राहुल देव ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रेमनगर का मुआयना किया। कलेक्टर ने स्कूल उन्नयन के लिए स्वीकृत राशि की जानकारी लेते हुए कहा कि स्वीकृत राशि का उचित उपयोग नहीं हो पाया है। अभी कुछ समय है उसमें जितना हो सके कार्य को गुणवत्ता पूर्ण कर लें। उन्होंने बायोलॉजी लैब, फिजिक्स लैब, केमिस्ट्री लैब, कंप्यूटर लैब का निरीक्षण करते हुए प्रिंसिपल एवं लैब प्रभारी से सामानों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। लैब के जो सामान बाकी है उन्हें तत्काल मंगाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने सभी लैब के सामानों को कबड़ में रखने के साथ उनकी सूची चस्पा करने के निर्देश दिए। जितने भी लैब वाले कक्ष है उनमें ग्रीन कलर की मैटिंग, दिवारों पर ब्राण्डिंग करने के साथ लैब को साज, सज्जा के साथ साफ एवं स्वच्छ रखने के निर्देश दिये। उन्होंने एसडीओ आरएसई को कक्षाओं के छोटे-छोटे कार्य बचे हैं उनको पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अध्ययन कक्षों का निरीक्षण किया निरीक्षण उपरांत समस्त कक्षाओं के स्विच बोर्ड, दरवाजों में स्टॉपर व दरवाजे खिड़कियों में जाली लगाने कहा। सीईओ ने कक्ष के अनुसार दीवारों पर अच्छे पोस्टर, फ ोटो लगाने, कार्यालयों में आलमारियों को व्यवस्थित करने, कूडा कचरा को साफ करने, कक्षाओं में जो प्रोजेक्टर लगे है उनको चालू कराने के निर्देश दिये। सभी कक्षों के नाम रेडियम बोर्ड से लगाने, स्मार्ट क्लास बनाने, वाटर कूलर काम नहीं कर रहा है उसे कही और शिफ्ट करके एक नया वाटर कूलर लगाने के साथ ही पीने योग्य पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। स्कूल की सभी शौचालयों दरवाजे नहीं लगे है उनको यथाशीर्घ लगाना सुनिश्चित करे साथ ही इनकी साफ-सफ ाई कर, पानी चालू कराने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने स्कूल के फ र्श में अच्छी मैटिंग या टाइल्स लगाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने वहीं पास में आदिम जाति कल्याण विकास विभाग की 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का अवलोकन किया। उन्होंने कमरो का साफ -सफ ाई बराबर करने कहा, छात्रावास में पानी की समस्या पर सीईओ ने जनपद सीईओ को पानी की व्यवस्था के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम रवि सिंह, तहसीलदार सालिक राम, जनपद सीईओ संजय राय, डीईओ विनोद राय एवं आरईएस के अधिकारी, सब इंजीनियर सहित स्वामी आत्मानन्द स्कूल स्टॉफ उपस्तिथ रहे।

22 लाख की लागत से मुक्तिधाम का होगा जीर्णोद्धार

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर विधायक विक्रम शाह मंडावी ने बीजापुर के मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार का भूमि पूजन किया। जिसकी लागत 22 लाख रुपए होगी। साथ ही नगर पालिका बीजापुर के वार्ड क्रमांक 02 में 700 मीटर लम्बी पाइप लाइन के विस्तार का भूमि पूजन भी किया इस पाइप लाइन के विस्तार होने से वार्ड वासियों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। भूमि पूजन के दौरान ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, जिपं सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, वरिष्ठ पार्षद प्रवीण डोंगरे, कलाम खान, कविता यादव, जय कुमार नायर, रितेश दास, पार्षद सोनमती ताती, ललिता झाड़ी, वार्ड 02 के पार्षद लक्ष्मण कड़ती, संतोष गुप्ता, राजेश जैन, श्यामू गुप्ता, गिरधारीलाल राठी, संजना चौहान सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस का कार्यकारिणी विस्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भगवती राजवाड़े ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नयी नियुक्तियां की है जिसमे महामंत्री के पद पर मनोज डालमिया एवं जफर हैदर को जिम्मेदारी दी गई है।

विष्णु कसेरा को संयुक्त सचिव एवं आकाश साहू को मीडिया प्रभारी बनाया गया है सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में स्वागत किया गया।

अक्षय तृतीया के दिन पूजा, चार को निकलेगी नगर में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर तीन मई को अक्षय तृतीय के दिन भगवान परशुराम की घरों में पूजा-अर्चना के साथ हवन किया जाएगा। वहीं अगले दिन चार मई को शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुख्य आयोजन समिति समग्र ब्राम्हण समाज एवं परशु सेना की सरकंडा स्थित शारदा भवन में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस बार भगवान परशुराम जन्मोत्सव दो दिन मनाया जाएगा। बैठक में तय किया गया की भगवान परशुराम जन्मोत्सव को महोत्सव का रूप देते हुए हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसमें चार मई को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद देवकीनंदन स्कूल में धर्मसभा होगी। यहां आशीर्वचन देने कवर्धा गौरीकापा के शनि शिव दुर्गा मंदिर से 1008 विवेक गिरी महराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समिति के विनय शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा शीतला माता मंदिर दयालबंद से शाम चार बजे निकलकर शहर के मुख्य मार्गों गांधी चौक, जूना बिलासपुर, गोल बाजार, सदर बाजार, सिम्स चौक होते हुए देवकीनंदन स्कूल प्रांगण में धर्मसभा के रूप में समाप्त होगी। यहां महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्ना सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। वहीं शोभायात्रा मार्ग को तोरन एवं झंडों से सजाकर स्वागत द्वार भी बनाएं जाएंगे।

गाज गिरने से बाबू की मौत

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के भोपालपटनम क्षेत्र के मद्देड़ थाना अंतर्गत पामगल कोतापल्ली गांव में एक ग्रामीण की आकाशीय गाज गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुरसम बाबू ना का ग्रामीण ताड़ी काटने के लिए खेत गया था। शाम के समय अचानक मौसम के खराब होने से तेज हवा पानी व बिजली चमकने लगी। इस दौरान अचानक प्रकृति का कहर टूटा और जिस पेड़ पर बाबू चढ़े हुए थे उसी पेड़ के ऊपर बिजली आ गिरी और उनकी मौत हो गई।

शांति समिति की हुई बैठक, ईद व परशुराम जयंती सौहाद्रपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय

बिलासपुर/नवप्रदेश। मई महीने की प्रथम सप्ताह में जिले में मज़दूर दिवस, ईद, परशुराम जयंती आदि पर्वों को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला पंचायत सीईओ एवं एडीएम हरीश एस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी त्योहार एवं आयोजन आपसी तालमेल एवं भाईचारे की भावना के साथ सौहाद्रपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पुलिस, नगर निगम, सिम्स अस्पताल, एसईसीएल एवं बिजली विभाग को जिम्मेदारी सौंपते हुए सजग रहने के निर्देश दिए गये। एडीएम ने शहर की गौरवशाली परम्परा के अनुरूप सद्भावनापूर्वक पर्व मनाने की अपील की। सभी धार्मिक एवं समाज प्रमुखों ने शांतिपूर्ण तरीके से सभी का सम्मान करते हुए समारोह आयोजन करने का भरोसा दिलाया। विशेषकर शहर में यातायात बाधित न हो, इसका ध्यान रखा जायेगा। बैठक में एडिशनल एसपी उमेश कश्यप, एसडीएम पुलक भट्टाचार्य, सिटी मजिस्ट्रेट पुजारी एवं श्री दुबे सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

दिल्ली में भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में शामिल हुई शिवराज

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं प्रदेश प्रभारियों की बैठक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजकुमार चाहर के नेतृत्व में संपन्न हुई। उपरोक्त बैठक में राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं पूर्व विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र शिवराज शाह सम्मिलित हुई। उक्त बैठक में संगठनात्मक विषय पर चर्चा हुई पिछले दिनों निर्धारित कार्यक्रमों पर समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों की कार्य योजना बनाई गई।

पूर्व मंत्री से मिले राजेंद्र गोलछा

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला प्रशिक्षण विभाग द्वारा जिला प्रशिक्षण वर्ग में प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित छग के पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला मंत्री राजेन्द्र गोलछा ने भेंट किया।

निगम के कर्मचारियों ने नियमितीकरण के लिए सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

बिलापसुर/नवप्रदेश। नगर निगम के अनियमित कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर सीएम भूपेश बघेल के नाम पर कलेक्टर डा.सारांश मित्तर को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान कर्मचारियों ने जल्द नियमितीकरण की मांग की है। उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण कर्मचारियों को कई प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम के अनियमित कर्मचारी शशांक गुप्ता, अजय सोनी समेत संघ के सभी कर्मचारियों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। गेट के पास खड़े होकर सभी अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की मांग करते हुए कलेक्टर डा.सारांश मित्तर से मिलने की मांग की। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी ने संघ के कर्मचारियों ने मुलाकात की। कर्मचारियों ने अधिकारी को लिखित में ज्ञापन सौंपा है। शशांक गुप्ता ने बताया कि बीते कई सालों से सैकड़ों कर्मचारी नगर निगम में काम करते आ रहे हैं। सभी अनियमित कर्मचारी के पद पर पदस्थ हैं। वे कर्मचारी शासन के सभी योजनाओं को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सभी कर्मचारी ईमानदारी पूर्वक निगम प्रशासन से लेकर राज्य सरकार के काम को संचालित कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनने से पहले घोषणा की गई थी कि सरकार बनने के 10 दिनों के भीतर नगर निगम के अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा। सरकार को बने तीन साल बीत गए पर अभी तक नियमित नहीं किया गया है। शासन-प्रशासन की ओर से नियमितीकरण को लेकर कोई कार्रवाई भी नहीं की गई है। इसके चलते कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। कुछ दिन पहले भी कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शासन को वादा याद दिलाई गई थी, पर इसका कोई फ ायदा नहीं मिला है। नियमित नहीं होने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। सरकारी वेतनमान का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारियों ने जल्द नियमितीकरण करने की मांग की है।

बिलासपुर में पड़ रही असहनीय गर्मी, तापमान 45 डिग्री के करीब

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। बिलासपुर में सूर्य का ताप असहनीय है। आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। गर्मी का आलम यह है कि पेड़-पौधे भी मुरझाने लगे हैं। पशु पक्षी पानी की तलाश में भटक रहे हैं। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया था। मौसम विभाग की मानें तो आज भी तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। बिलासपुर संभाग लू की चपेट में है। शुक्रवार को प्रदेश में मुंगेली जिला सबसे गर्म जिला रहा। अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वही बिलासपुर का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग की माने तो आज भी तेज गर्मी का एहसास होगा। यही कारण है कि शनिवार सुबह से तेज धूप का एहसास होने लगा है। दक्षिण से आ रही गर्म हवाओं ने लू के थपेड़ों को और बढ़ा दिया है। तेज धूप और जल संकट के बीच आमजन की समस्या बढ़ गई है। शरीर को झुलसा देने वाली इस गर्मी के बीच इंसान तो दूर जानवर भी हलकान है। लालपुर स्थित मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति पूर्वी विदर्भ से दक्षिणी तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में उत्तर से गरम और शुष्क हवा तथा दक्षिणी क्षेत्र में दक्षिण से अपेक्षाकृत ठंडी और नमी युक्त हवा आ रही है। 30 अप्रैल को प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश में सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के एक दो पैकेट में लू चलने अथवा लू जैसी स्थिति निर्मित होने की संभावना है। प्रदेश के दक्षिणी भाग में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में गरज चमक के साथ एक-दो स्थानों पर अंधड भी चलने की संभावना है। भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को लू से सतर्क रहने चेतावनी भी दिया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग में भी सावधानी बरतने कहा है। लू से बचने के लिए लोगों से कहा गया है कि बाहर निकलने पर जितना हो सके शरीर को कपड़े से ढके। शरीर में पानी की मात्रा बढ़ाएं रखें रोजाना कम से कम चार लीटर पानी पिए। मौसमी फ्लों का पेय पदार्थों का सेवन करें मसाला युक्त भोजन के सेवन से बचें। ओआरएस घोल का उपयोग करें बच्चों में बुजुर्गों को बिल्कुल भी धूप में ना निकलने दे। धूप में कमजोरी व चक्कर आने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। इसके अलावा शहर के कई इलाकों में गर्मी के कारण पेड़ पौधे भी मुरझाने लगे हैं। घर के मकान की दीवारें तक गर्म होने लगी हैं। पंखे से गर्म हवा आ रही है। वहीं दूसरी ओर शहर में अघोषित बिजली बंद होने के कारण लोगों की समस्या और भी बढ़ गई हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की परीक्षाएं भी चल रही है। जिनमें परीक्षार्थियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

अधिकारी गांव की आधारभूत जानकारी तैयार करें कलेक्टर

सूरजपुर/नवप्रदेश। 8 मई को प्रेमनगर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए नव नियुक्त कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित जिला पंचायत सीईओ राहुल देव ने रामानुजनगर जनपद सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें छत्तीसगढ़ में चल रहे राज्य शासन की योजनाओ के क्रियान्वयन के सबन्ध में जानकारी ली और शिकायतों का निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने समस्त विभाग के कार्यालयों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा अभी बारिश आने में समय है उससे पूर्व सभी शासकीय कार्यालयों एवं भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाना सुनिष्चित कर ले। उन्होंने गांव की आधारभूत जानकारी तैयार करने के साथ ही शासकीय भवन, आगंनबाड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पंचायत भवन को रंग रोगन करने के निर्देश दिये। ग्रामीण स्तर राज्य शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार के लिए दिवार लेखन भी कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों, उच्च अधिकारीयों के ठहरने के लिए पी.डब्लू.डी. फारेस्ट सहित ट्रांजिट सेंटर के कमरों का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्थ करने के निर्देश दिए। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कोविड सेंटर वार्ड सहित अस्पताल में साफ-सफ ाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सूरजपुर एसडीएम रवि सिंह, पीडब्ल्यूडी ईई, रामानुजनगर तहसीलदार अमित केरकेट्टा, जनपद सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता, बीएमओ डॉ. डीके. विश्वकर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

भांसी के 77 छात्रों का एनएमडीसी बचेली एवं किरंदुल परियोजनाओं में हुआ चयन

बचेली/नवप्रदेश। हाल ही में एनएमडीसी आईटीआई, भांसी के 77 छात्रों का चयन एनएमडीसी परियोजनाओं (बचेली एवं किरंदुल) में मेंटेनन्स असिस्टेंट ग्रेड-2 के पद के लिए हुआ है। जिसमें 10 छात्र वेल्डर ट्रेड, 10 छात्र फि टर ट्रेड, 36 छात्र इलेक्ट्रिकल ट्रेड तथा 21 छात्र का मैकेनिकल डीजल व मैकेनिकल मोटर व्हीकल से हुआ है। एनएमडीसी बचेली अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र में अनेक विकासशील योजनायें चला रही है जिसमें से एनएमडीसी आईटीआई भी एक है जो कि आदिवासी समुदाय के छात्र-छात्राओं को तकनिकी शिक्षा प्रदान कर उनके जीवन में महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक प्रभाव छोड़ रही है। पिछले कई वर्षों से एनएमडीसी आईटीआई, भांसी के नित प्रयासों से छात्रों का चयन कई प्रसिद्ध कंपनियों में हुआ है जैसे की एनएमडीसी कंपनी, अडानी सोलर पावर, मारुती सुजुकी मोटर्स, मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट, स्काई ऑटोमोबाइल इत्यादि। शिक्षा के क्षेत्र में एनएमडीसी बचेली ने अपने सीएसआर के अंतर्गत आदिवासी व आर्थिक रूप से असमर्थ युवाओं के विकास के लिए कई कौशल विकास योजनायें संचालित कर रहीं है और उल्लेखनीय है कि कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुमित देब के मार्गदर्शन से यह संभव हो पाया है। मुख्य महाप्रबंधक पीके मजूमदार इस शिक्षण संस्था को आगे बढ़ाने के लिए यहां की व्यवस्थाओं की निरंतर समीक्षा करते आ रहे हैं जिसके परिणामस्वरुप एनएमडीसी आईटीआई, भांसी ने नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं जिसमें आधारभूत संरचना, नये उपकरण और मशीनों की स्थापना करना एवं शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है। एनएमडीसी आईटीआई, भांसी को छत्तीसगढ़ में प्रथम रैंक एवं देश में इक्कीसवीं रैंक प्राप्त हुई थी।

चयनित छात्रों ने अपने-अपने अनुभव किया साझा

फिटर ट्रेड के लिए चयनित किरण कुमार ने कहा कि मुझे अपने शैक्षणिक काल में कई आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ा था किन्तु एनएमडीसी द्वारा संचालित आईटीआई, भांसी में तकनीकी शिक्षा के कारण मैं अपनी ट्रेनिंग पूरी कर पाया। अतः एनएमडीसी जैसी नवरत्न कंपनी में चयन होना मेरे लिए गर्व की बात है।

वेल्डर ट्रेड में चयनित रवि तेलाम ने कहा एनएमडीसी आईटीआई, भांसी में सभी प्रकार की मशीन व टूल उपलब्ध हैं जो प्रशिक्षण ग्रहण करने में सहायक बने तथा मैं अपने चयनित पद के लिए एनएमडीसी आईटीआई, भांसी व एनएमडीसी प्रबंधन को कृतघ्न ज्ञापन करता हूं।

वहीं इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के लिए चयनित विजय विश्वकर्मा ने कहा मेरे परिवार के सभी लोग काफी हर्षित हुए हैं तथा मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी की मुझे एनएमडीसी नवरत्न कंपनी में चयनित होने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है।

जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू कल करेंगे सी-मार्ट का शुभारंभ

कोरिया/नवप्रदेश। छग गृह तथा लोक निर्माण मंत्री और कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू 2 मई को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में सी-मार्ट का शुभारंभ करेंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी विभागों एवं पुलिस विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली और इस संबंध में अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान आमजनों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने कहा। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन किए जाने तथा आमजनों को इसका लाभ दिलाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिलास्तरीय अधिकारी अपनी सम्पूर्ण क्षमता के साथ काम करें। बैठक में एसपी ने जिलास्तरीय अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से जिले में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्यों के विषय में चर्चा की। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ का पारम्परिक भोजन बोरे बासी सांस्कृतिक महत्व रखने के साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर बोरे बासी खाने की अपील की है, सभी जिलाधिकारी इस दिवस पर बोरे बासी अवश्य खाएं एवं आमजनों को भी प्रेरित करें।

12 परिवहन सुविधा केन्द्र हेतु 30 मई तक आवेदन आमंत्रित

बीजापुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप राज्य में लर्निंग लाइसेंस प्रदान करने के लिए परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में बीजापुर जिले के अंतर्गत वाहन चालकों को लर्निंग लायसेंस प्रदान करने हेतु 12 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। जिला परिवहन अधिकारी बीजापुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 12 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना हेतु 30 मई 2022 तक आवेदन पत्र जिला परिवहन कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर बीजापुर में जमा किया जा सकता है। परिवहन सुविधा केन्द्रों के संचालन हेतु स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। आवेदन पत्र के साथ अर्हताधारी अभ्यर्थी को 200 रुपए विहीत शुल्क जमा करना अनिवार्य है। परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना के लिए अर्हता, नियम एवं शर्तों संबंधी जानकारी जिला परिवहन कार्यालय बीजापुर में संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

6 मई तक दावा -आपत्ति आमंत्रित

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची प्रकाशित कर दी गयी है। इसके साथ ही निर्वाचन सदस्यता सूची कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत सदस्यों से 6 मई तक दावा -आपत्ति आमंत्रित किया गया है। वहीं 7 मई तक दावा-आपत्ति का निराकरण कर अंतिम सदस्यता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 8 मई से 11 मई तक अंतिम सदस्यता सूची पर अपील-अपीलीय अधिकारी के समक्ष किया जा सकता है। अपीलीय अधिकारी के द्वारा अपील का निराकरण कर 18 मई तक आदेश पारित किया जायेगा। अपील मान्य किये जाने की स्थिति में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 19 मई तक संशोधित सदस्यता सूची जारी किया जायेगा।

कलेक्टर व एसपी ने राष्ट्रीय राजमार्ग 163 के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा एवं एसपी कमलोचन कश्यप ने भोपालपटनम से तारलागुड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों का जायजा लिया, राष्ट्रीय राजमार्ग 163 जो कि भोपालपटनम से तारलागुड़ा तक कुल 36 किलोमीटर की दूरी तक कार्य चल रहा है। वर्तमान में पूरी लंबाई 36 किलोमीटर में डामर की पहली परत डीबीएम व डब्ल्यू एमएम का कार्य पूर्ण किया गया है। एवं मई के पहले सप्ताह से बीसी बिटुमिन्स कांक्रीट का कार्य प्रारंभ किया जाएगा जून तक कार्य पूर्ण किये जाने की संभावना है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया बीजापुर जिले के लिए यह सड़क अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके पूर्ण होने से अन्तर्राज्यीय परिवहन सुगम होगा। हैदराबाद एवं वारंगल जाने में आसानी होगी, जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। बीजापुर जिले के भोपालपटनम सहित जिले वासियों का तेलंगाना वारंगल में कई पीढ़ीयों से बेटी-रोटी का संबंध रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए यह सड़क मील का पत्थर साबित होगा। जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने के कारण सड़क निर्माण में कई बाधाएं उत्पन्न हुई। इस मार्ग में डब्ल्यूबीएम तक 2016-17 में पूर्ण हुआ इसी मार्ग में 2015 में नक्सलियों द्वारा 36 वाहनों को आगजनी में क्षतिग्रस्त किया जा चुका है। वहीं 2017 में 19 वाहनों को जलाया गया 2017 एवं 2018 में आईआईडी ब्लास्ट भी किया गया जिसमें 1 जवान शहीद हुआ वहीं 3 जवान घायल हो चुके विषम परिस्थियों में जिला एवं पुलिस प्रशासन की सक्रियता से सड़क निर्माण अपने अंतिम रूप ले रहा है। इस सड़क के जिले वासियों की बरसो पुरानी उम्मीदें साकार होगी जिससे जिले के विकास में यह सड़क महत्वपूर्ण योगदान देगा।

रिश्वत का वीडियो वायरल, पटवारी निलंबित

कांकेर/नवप्रदेश। तहसील कांकेर के पटवारी हल्का नंबर-26 बेवरती के पटवारी टामिका मण्डावी को कांकेर एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर नियत किया गया है, इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। दरअसल, जमीन नामांतरण संबंधित कामकाज के लिए रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर से 5 हजार रुपए रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल हुआ था। जिस पर एसडीएम ने निलंबन की कार्रवाई की है।

नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक ने थाना व चौकी प्रभारियों की ली बैठक

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले का कार्यभार संभालने के बाद जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारी व थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें पूरी क्षमता के साथ मुस्तैदी से पुलिसिंग करने, पीड़ित व्यक्ति के प्रति उदारता बरतते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने तथा आरोपी के विरूद्ध सख्ती के साथ कार्यवाही करने, जिले में बेहतर पुलिसिंग करते हुए आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। आगामी दिनों में माननीय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन का दौरा कार्यक्रम को लेकर प्रभारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने, प्रत्येक गांव में ग्राम चौपाल लगाकर आमजनता की समस्या-शिकायतों का निराकरण करने तथा अवैध कार्यो पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि पुलिस अधिकारी अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण क्षमता व निष्ठा के साथ करें, कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। प्रभारियों को लंबित मामलों के निकाल पर विशेष ध्यान देने, अपराध पंजीबद्ध होने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र करने, थाना-चौकी में फरियाद लेकर आने वालों नागरिकों से शालीनतापूर्वक चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने, आरोपी तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरूद्ध सख्ती बरतने तथा अपराध को कम करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अवैध कार्यो पर पूर्णतः रोक लगाने, महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर थाना प्रभारी फौरन एक्शन लेते हुए रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, थानों में पंजीबद्ध मामलों के निराकरण में अनावश्यक विलम्ब न करने, गलत करने वालों को सजा दिलाने पूरी तत्परता से साक्ष्य संकलित कर पीड़ित को न्याय दिलाने को कहा। उन्होंने कहा कि आपके ऐसी कार्यवाही से समाज व लोगों में पुलिस की छवि और अच्छी बनेगी। पुलिस जवानों को अच्छे कार्यो के लिए सदैव मोटिवेट करें, न्यायालय से संबंधित कार्यो को पूर्ण जवाबदेही के साथ समय पर करने, अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में थाना-चौकी प्रभारी तथा पुलिस कन्ट्रोल रूम का मोबाईल नंबर दृश्य भाग में लिखवाने के निर्देश दिए।

एक लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के नक्सली पीड़ित परिवारों की सुरक्षा एवं पुर्नवास कार्ययोजना के तहत जिला पुर्नवास समिति की अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा नक्सली हिंसा में मृतक स्व. पांडू रंगराज उर्फ पांडू वेमुला पिता स्व. सत्यनारायण वेमुला के आश्रित परिजन को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि का अतिशीघ्र भुगतान सम्बन्धित परिजन को किये जाने के निर्देश संबन्धित अधिकारी को दिये गए हैं।

'मुख्यमंत्री मितान योजना 100 से अधिक नागरिक सेवाओं का अब घर पर ही मिलेगा लाभ

कोरिया/नवप्रदेश। सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व में नागरिकों को शासन के विभिन्न विभागों की 100 से अधिक सेवाओं का लाभ उनके घर पर मितान के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में पूर्ण पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मितान योजना प्रारंभ की जा रही है। इस योजना से शासकीय सेवाओं का सहज ही लाभ आम नागरिक अपने निवास पर मितान के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे।

साथ ही कॉल सेंटर एवं मितान पोर्टल का उपयोग कर शासकीय सेवाओं से संबंधित प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उन्हें अपने कार्य से अवकाश लेने की आवश्यकता नहीं होगी। योजना की मॉनिटरिंग एवं सुदृढ़ क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर अनुश्रवण समिती का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री मितान योजना का क्रियान्वयन प्रथम चरण में प्रदेश के समस्त नगर पालिक निगमों में किया जायेगा।

बस्तर कमिश्नर ने जिले के विकास कार्यो की समीक्षा

बीजापुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के संभागायुक्त श्याम धावड़े ने बीजापुर प्रवास के दौरान विभागीय अधिकारियों से जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली कमिश्नर धावड़े ने विभागवार जानकारी लेते हुए उनकी प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा - निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का विस्तृत विवरण दिया। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग अर्न्तगत शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनीक में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने पोषण पुर्नवास केन्द्र में गंभीर कुपोषित बच्चों को लाने 15 दिवस पोषण पुनर्वास में रहने के बाद गृह भेंट कर उनके स्वास्थ्य जानकारी लेने को कहा। मलेरिया मुक्त बस्तर कार्यक्रम की प्रगति, मितानिनों के पास पर्याप्त मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार के निरीक्षण कर पर्याप्त सुविधाओं से स्वास्थ्य विभाग को प्रोत्साहित किया। जिले में वनअधिकार प्राप्त किसानों को विभागीय समन्वय स्थापित कर भूमि सुधार, डबरी निर्माण, पशु शेड, अर्न्तगत सूकरपालन, कुक्कुट पालन, बकरी पालन, सिंचाई सुविधा के विस्तार जैसे योजनाओं से लाभान्वित कर उनके आमदनी के स्त्रोत बढ़ाने सभी वनअधिकार पत्र धारी कृषकों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुनिश्चित करने को कहा। महिला एवं बाल विकास अर्न्तगत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को बढ़ावा देने जिले में गंभीर कुपोषित, मध्यम कुपोषित, एनीमिक महिलाओं एवं कुपोषण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं बीजादूतीर स्वयं सेवक के कार्यों की प्रशंसा की जिले में स्वयंसेवक 19-35 वर्ष आयु समूह के युवावर्ग बीजादूतीर स्वयंसेवक के रूप में निःशुल्क सेवाएं दे रहें हैं जो शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने प्रशासन की मदद करते हैं। कमिश्नर धावड़े से खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया है कि काई भी परिवार राशन कार्ड विहीन न हो इसके जमीनीस्तर पर प्रयास कर शतप्रतिशत परिवारों को पात्रतानुसार राशन कार्ड प्रदाय करने को कहा साथ ही खाद्य सामग्री के वितरण एवं भंडारण सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरूवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी की समीक्षा कर सभी गौठानों में पानी की व्यवस्था सोलर पंप, आजिविका मूलक गतिविधियों से समूह को जोड़ने वर्मी खाद्य निर्माण, नियमित गोबर खरीदी, नरवा, विकास से जलस्तर पर प्रभाव की समीक्षा की। राजस्व प्रकरणों में तेजी लाने विभागीय राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करने छात्र-छात्रओं को समय-सीमा में जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करने के निर्देश दिए। जाति प्रमाण पत्र संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन दिया। जिले में दिव्यांगों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने सहायक उपकरणों एवं कृत्रिम अंग प्रदाय कर जीवन स्तर को सुगम बनाने एवं सभी पात्र हितग्राहियों को पेंशन प्रदाय करने को कहा। कमिश्नर धावड़े ने शिक्षा, पेयजल, सौर ऊर्जा, सिंचाई, खाद्य-बीज के भंडारण वितरण सहित विभिन्न विषयों पर व्यापक समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर कटारा ने बैठक के दौरान दिए गऐ निर्देश एवं मार्गदर्शन के अनुरूप विकास कार्यों में तेजी लाने हेतु आश्वस्त किया।

जनता कांग्रेस जे के सैकड़ों कार्यकर्ता जोगी की जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संस्थापक प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी के 76 वीं जन्मदिन को अधिकार दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के प्रदेश भर से कार्यकर्ता शामिल हुए। इसी परिप्रेक्ष्य में धमतरी जिले के जिला अध्यक्ष उत्तम साहू के नेतृत्व में नगरी कुरुद एवं मगरलोड से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमें जिला अध्यक्ष उत्तम साहू, उदय चरण बंजारें, नवाबुद्दीन निजामी, नरेंद्र प्रजापति,मोहन देवांगन, धनेश नेताम, भीम साहू, हुलाश साहू, कांशी राम मंडावी, अनिल नेताम, भागवत मरकाम परसादी राम नेताम राम क्कुमार मरकाम वीरेंद्र ध्रुव बंटी मंडावी श्याम साहू रोमन राम साहू अरुण साहू सुरेश साहू कौशल साहू सुखचंद सहित अनेक कार्यकर्ता पहुंचे थे।

बाजार कुर्रीडीही में सायकल वितरण किया

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय हाई स्कूल बाजार कुर्रीडीही में सरकार की योजना सरस्वती सायकल वितरण के तहत छात्राओं को सायकल वितरण विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के मुख्य आथित्य में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रकांत कौशिक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, एबीओ, अखिलेश दुबे, भूषण साहू, रुद्रप्रताप नाग, नारद ध्रुव, छबिलाल सिन्हा, नोहर नेताम एवं प्राचार्य तथा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आवश्यकता है

के.पी. महाविद्यालय बंधापाली (सारंगढ़) जिला-रायगढ़ (छ.ग.) में निम्नलिखित पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है -

क्र.	पद	विषय	पद संख्या
1	सहायक प्राध्यापक	भूगोल	1
2	सहायक प्राध्यापक	इतिहास	1
3	सहायक प्राध्यापक	राजनीति शास्त्र	1
4	सहायक प्राध्यापक	गणित	1
5	सहायक प्राध्यापद	भौतिक शास्त्र	1
6	सहायक प्राध्यापक	रसायन शास्त्र	1
7	सहायक प्राध्यापक	जन्तु शास्त्र	1
8	सहायक प्राध्यापक	वनस्पति शास्त्र	1
9	सहायक प्राध्यापक	अंग्रेजी	1
10	सहायक प्राध्यापक	कम्प्यूटर	2
11	ग्रंथपाल	-	1
12	प्रयोगशाला तकनीशियन	-	3
13	लेखापाल	-	1
14	लिपिक	-	1
15	भृत्य	-	1

नोट :-1. शैक्षणिक पदों के लिए योग्यता एवं वेतनमान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं अशैक्षणिक पदों के लिए योग्यता एवं वेतनमान छ.ग. शासन द्वारा निर्धारित मान्य एवं देय होगा।
2. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 17.05.2022 तक।
3. डाक पता- प्राचार्य, के.पी. महाविद्यालय बंधापाली, पोस्ट- माधोपाली, तह.- सारंगढ़ जिला- रायगढ़ (छ.ग.) पिन- 496445

अध्यक्ष
कामाक्षी शिक्षण समिति (मल्दा)
बंधापाली तह.- सारंगढ़
जिला-रायगढ़ (छ.ग.) पिन-496445

संपर्क नं.- 8839879869, 9340233093, 9131172902, 7694010162

साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन महासभा संपन्न

नगरी। तहसील साहू समाज नगरी वार्षिक सम्मेलन महासभा का कार्यक्रम संपन्न जिसमें परिक्षेत्र साहू समाज नगरी द्वारा तहसील अध्यक्ष संरक्षक महासचिव एवं तहसील नगरी के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा के साथ बस स्टैंड नगरी से स्वागत सम्मान कर साहू सदन नगरी में लाया गया, जहां पर परीक्षेत्र साहू समाज नगरी द्वारा तहसील साहू समाज नगरी के अध्यक्ष पुनीत राम साहू का ताजपोशी किया गया एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का फूल माला श्रीफल एवं गमछा भेंटकर स्वागत किया गया। तहसील साहू समाज अध्यक्ष पुनीत राम साहू संरक्षक सहदेव राम साहू उपाध्यक्ष अनराज साहू कोषाअध्यक्ष सखाराम साहू महासचिव सुभाष साहू सह सचिव पेमंत कुमार लव कुमार साहू परीक्षेत्रीय अध्यक्ष गण मनहरण साहू, लालसिंह साहू, जय कृष्णा साहू, प्रदीप साहू, सुरेश साहू, जन्मेजय साहू, लक्ष्मण साहू, बृजलाल साहू, भुनेश्वर साहूजी, कंवल साहू जी हृदय साहू, दुर्गेश गंजीर, ओमप्रकाश साहू प्रदेश अध्यक्ष पि. व., पदुम साहू, प्रभादेवी साहू सहित समाज के सभी पूर्व पदाधिकारी एवं तहसील के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान नगरी परिक्षेत्र के अध्यक्ष राजकुमार साहू संरक्षक रामगोपाल साहू, उपाध्यक्ष वीर कुमार साहू, सचिव योगेश साहू, सह सचिव पवन किरण साहू एवं समस्त महासभा सदस्य समस्त ग्रामीण अध्यक्ष एवं पाघर प्रमुखों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में धमतरी विधायक रंजना साहू का आगमन हुआ जिनका जोरदार भव्य स्वागत किया गया एवं उन्हें पुष्पगुच्छ श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ तहसील साहू समाज नगरी वार्षिक सम्मेलन महासभा का कार्यक्रम अधिक से अधिक सख्या महिला पुरुष उपस्थिति थे

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जशपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	निविदा क्र./ दिनांक/ सिस्टम नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि रु. लाख में)	अमानत राशि (राशि रु. में)
1	06/27.04.2022/ 98183	Providing, laying, jointing, interonnection testing and commissioning of 100 to 600 mm dia DI pipe class K-7 & K-9 for Distribution System, with suitable joints, valves specials and all fittings including all alltied civil works and trial run for three months under Shifting of Laying of New Pipe Line For Distribution And Rising Main In Place Of Destroyed Pipeline At Pwss Village Due To NH-43 Widewing Construction For Pathalgaon Zone-1 Distt. Jashpur	105.06	78800/-

उपरोक्त निर्माण कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 20.05.2022 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

जी-90734/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जशपुर छत्तीसगढ़

राज्यपाल ने 'संचार यात्रा' किताब का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में रायगढ़ के समाज सेवी सुनील रामदास अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल सुश्री उइके को भानु प्रताप मिश्र द्वारा लिखी गई 'भारतीय संचार यात्रा'' नामक किताब भेंट की। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि संचार के बिना संवाद संभव नहीं है और संवादहीनता से समाज की गति रूक जाती है। भारतीय संचार यात्रा किताब पत्रकारिता और संचार के क्षेत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा।

भारतीय संचार यात्रा किताब में संचार के वेद से शुरू होकर वर्तमान समय तक के विकास को विभिन्न चरणों में शामिल किया गया है। इस अवसर पर श्री संजय चौधरी, श्री विनोद अग्रवाल, श्री हेमंत, श्री विभाष झा एवं श्री चंद्रसेन मिश्रा उपस्थित थे।

राज्यपाल से एप्रेंटिस प्रशिक्षुओं ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में गीतांजली साहू के नेतृत्व में समस्त एप्रेंटिस प्रशिक्षुओं के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल सुश्री उइके को एसईसीएल में कार्य के दौरान स्टाइपेंड भुगतान की विसंगतियों और अधिकारों के हनन से जुड़े विषयों से अवगत कराया। साथ ही सक्षम अधिकारियों से संपर्क कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने तथा कार्यवाही करने का आग्रह किया। इस अवसर पर दीक्षा राठौर, नीमा यादव, ऋषि पटेल, सूरज मरकाम, शंकर दास उपस्थित थे।

अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमवीरों को राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने मजदूर दिवस पर श्रमवीरों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी श्रमिकों के सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस श्रमिकों के परिश्रम और समर्पण के सम्मान का दिन है। छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा के सहभागी सभी श्रमिकों के परिश्रम, संकल्प एवं समर्पण का मैं अभिनंदन करती हूँ और उनके स्वस्थ व सुखद भविष्य की कामना करती हूं।

टुल्लू से पानी खींचते 10 पम्प जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त प्रभात मलिक, जल कार्य विभाग के अध्यक्ष सतनाम सिंह पनाग के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के जल विभाग की टीमों द्वारा गर्मी के दौरान नगर की सभी पानी टंकियों के टेल एन्ड तक नागरिकों के घरों में पर्याप्त मात्रा में प्रेशर के साथ पेयजल की उपलब्धता निरन्तरता से सुनिश्चित करवाने वार्डों में जोन कमिश्नरों द्वारा जल विभाग के अभियंताओं के साथ आकस्मिक निरीक्षण एवं जाँच का अभियान जारी है. इस क्रम में आज नगर निगम जोन क्रमांक 4 के जल विभाग की टीम द्वारा जोन कमिश्नर विनय मिश्रा के निर्देश एवं कार्यपालन अभियन्ता लोकेश चंद्रवंशी के मार्गनिर्देशन एवं सहायक अभियन्ता पैकरा, उप अभियन्ता गोपाल प्रधान एवं अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्बंधित जोन क्रमांक 4 के जल विभाग के कर्मचारियों द्वारा जोन के तहत आने वाले डॉक्टर विपिन बिहारी सूर वार्ड नम्बर 64 के आदर्श नगर में आकस्मिक छापामार कार्यवाही कर 10 घरों में सीधे नल में टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचा जाना पाकर तत्काल टुल्लू पम्प का कनेक्शन काटकर सभी 10 टुल्लू पम्प जप्त कर लिये गये एवं टेल एन्ड तक सुगम जलापूर्ति सुनिश्चित की गयी. इसके साथ ही भविष्य के लिये संबंधित लोगों को पुनरावृति करने पर प्रक्रिया के तहत नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी जोन 4 के जोन कमिश्नर विनय मिश्रा एवं कार्यपालन अभियन्ता लोकेश चंद्रवंशी द्वारा दी गयी. आयुक्त प्रभात मलिक के आदेशानुसार ग्रीष्म ऋतु के दौरान सभी पानी टंकियों के टेल एन्ड तक प्रेशर के साथ सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने छापामार कार्यवाही सभी 10 जोनों के जल विभाग की टीमों द्वारा आगे भी आकस्मिक छापामार कार्यवाही के माध्यम से सभी लोगों को गर्मी में टंकियों के टेल एन्ड तक पर्याप्त मात्रा में सुगमता से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के जनहितैषी उद्देश्य से निरन्तर जारी रहेगी।

होटल सुखसागर पर 5 हजार का जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर निगम रायपुर के आयुक्त प्रभात मलिक के आदेशानुसार जनशिकायत मिलते ही नगर निगम जोन 4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर विनय मिश्रा के नेतृत्व, जोन कार्यपालन अभियन्ता लोकेश चंद्रवंशी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव की उपस्थिति में वस्तुस्थिति की जानकारी लेने होटल सुखसागर का निरीक्षण किया. होटल प्रबंधन द्वारा होटल के किचन के वेस्टेज को नाली में बहाकर नाली का निकास अवरुद्ध किये जाने से सम्बंधित जनशिकायत स्थल पर पूरी तरह से सही मिलने पर होटल सुखसागर के प्रबंधक पर जोन 4 जोन कमिश्नर के निर्देश पर तत्काल जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने 5 हजार रूपये का जुर्माना भविष्य में ऐसी पुनरावृति नहीं किये जाने की कड़ी हिदायत देते हुए किया. प्राप्त जनशिकायत का जोन स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

रायपुर सिंगिग ग्रेंड फिनाले आज, मंत्री डहरिया प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित

■ **26 प्रतिभागियों के बीच होगा मुकाबला**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम द्वारा स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर की स्मृति में तथा सिंगरों को एक प्लेटफ ार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रायपुर सिंगिंग आइडल का आयोजन किया जा रहा है। जिसका ग्रैंड फिनाले 1 मई को होगा।

फिनाले में 26 प्रतिभागी पहुंचे हैं। जिनमे से 13 प्रतिभागी 16 से अधिक आयु वर्ग के और बाकी 13 प्रतिभागी 13 से कम उम्र के हैं। इसका आयोजन 1 मई को विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब उद्यान परिसर में शाम साढ़े छह बजे से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में इंडिया वाइस ऑफफेम निमिषा देव और छत्तीसगढ़ी फोक सिंगर आरु साहू भी सेलिब्रेटी के रूप में उपस्थित होंगे। निगम के संस्कृति विभाग के प्रभारी आकाश तिवारी ने बताया कि उन्होंने आज नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव डहरिया से मिलकर इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्हें आने का न्यौता दिया। साथ उन्होंने प्रतिभागियों को सम्मानित करने का अनुरोध किया। इस पर उन्होंने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि रायपुर नगर निगम इस तरह का कार्यक्रम करा रहा है। वे इस कार्यक्रम में आएंगे।

आरडीए के अध्यक्ष ने सेन्ट्रल बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ से की मुलाकात

■ **कमल विहार के ऋण अदायगी के संबंध में हुई सकारात्मक चर्चा**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ और मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा ने आज मुंबई से आए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ एमवी राव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने कमल विहार योजना के विकास और निर्माण कार्य की अब तक की जानकारी दी और बैंक व्दारा दिए गए 600 करोड़ रुपए ऋण की अदायगी के संबंध में विस्तृत और सकारात्मक चर्चा की। उल्लेखनीय है कि रायपुर विकास प्राधिकरण ने सेन्ट्रल बैंक से विकास और निर्माण के लिए ऋ्हा ले कर रायपुर शहर की सबसे बड़ी नगर विकास योजना का कमल विहार को विकसित किया है। इस मुलाकात के दौरान सीबाआई मुंबई से आए जीएम मयंक शाह, भोपाल जोन के एसडी माहुरकर, भोपाल के जोनल हेड टीएस जीरा, रायपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक महेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

पेट्रोल–डीजल के दामों में सेट्रल एक्साइज ड्यूटी है वो कम करे

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के अपील करने के 48 घंटा से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी किसी भी भाजपा शासित राज्यों ने अपने यहां वेट में किसी भी प्रकार की रियायत राज्य की जनता को नहीं दी है। सचाई यही है कि पेट्रोल डीजल के बढ़े दामों का मुख्य वजह सेंट्रल एक्ससाइज ड्यूटी है। मोदी सरकार जनता को महंगाई से राहत देने के बजाये महंगाई के मुद्दे पर सिर्फराजनीतिक बयान बाजी कर रही है। छत्तीसगढ़ में रमन सरकार के दौरान लगने वाले वैट टैक्स से कम वर्तमान में वैट टैक्स लिया जा रहा है। मोदी सरकार बनने के बाद 2014 से अब तक 250 प्रतिशत एक्ससाइज ड्यूटी को बढ़ाया गया है जिसे वापस लेने से हर क्षेत्र में दामो में कमी आयेगी। जबकि क्रूड ऑयल के दाम 2014 के 144 डॉलर के मुक़ाबले आज भी कम हैं। कमर्शियल डीजल के दामो में भी प्रति लीटर 25 रु बढ़ाया गया है। जूता, चप्पल, होजियारी समान, पुस्तक, कॉपी, स्टेशनरी को पूर्व की तरह टैक्स मुक्त करें। रसोई गैस के दाम बीते डेढ़ साल में 300 रु से 400 रु कमर्शियल सिलेंडर के दामो 750 रु तक की वृद्धि हुई है उसे वापस ले। सभी लोकल ट्रेनों सहित एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन पूर्व की तरह हो ट्रेन की टिकटों के दामों में कटौती किया जाए । दवाई छत्तीसगढ़ में तो पहले ही वैट में कमी कर राज्य की जनता को 1 हजार करोड़ का लाभ दिया गया है। छत्तीसगढ़ में पड़ोसी राज्यो से पेट्रोल डीजल की कीमत कम है। भाजपा सरकारें भी मोदी के अपील के खिलाफहैं ।

छत्तीसगढ़ में पेट्रोल डीजल में वेट कम करने की मांग कर रहे भाजपा पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा किस मुंह से छत्तीसगढ़ में वेट कम करने की मांग कर रही है जबकि छत्तीसगढ़ सरकार पहले ही राज्य की जनता को वेट में कमी कर 1000 करोड़ रु का राहत दे चुकी है। रमन सरकार के दौरान लगने वाले वह टैक्स से वर्तमान में वैट की दर कम है कांग्रेस सरकार वैट में 1 रूपये की भी बढ़ोत्तरी नही किया है। उल्टे उसे 1 रूपये और 2 रूपये की कटौती किया है। छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्यों से भी सस्ती पेट्रोल डीजल छत्तीसगढ़ में है भाजपा छत्तीसगढ़ राजनीति करने बयान बाजी कर रही है जबकि सच्चाई यह है। भाजपा शासित राज्यों एवं भाजपा के समर्थित सरकारों ने भी मोदी के वैट में कमी करनें की अपील को ठुकरा दिया है।

निगम पर्यावरण व उद्यानिकी विभाग ने उद्यानों को विकासित करने पर दिया जोर

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग की सलाहकार समिति की बैठक पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष सुरेश चन्नावार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभाग की सलाहकार समिति के सदस्य उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा , जोन 5 जोन अध्यक्ष मन्नू विजेता यादव ,जोन 10 जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा , पार्षद सरिता वर्मा, सरिता आकाश दुबे उपस्थित थे। बैठक का मुख्य एजेंडा नगर निगम रायपुर के क्षेत्रों में उद्यानों के नवनिर्माण , निर्मित उद्यानों के रखरखाव तथा वृक्षारोपण से संबंधित था। बैठक में सलाहकार समिति द्वारा सुझाव इस संबंध में अध्यक्ष चन्नावार के समक्ष रखे गए, जैसे उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा ने सुझाव दिया कि सोसायटी के मध्य स्थित उद्यानों का रखरखाव उस क्षेत्र के सोसायटी के माध्यम से जनभागीदारी से कराया जाए। उन्होंने कहा कि उद्यान नागरिकों की सुविधा एवं मनोरंजन के लिए बनाया जाता है, अतः इन उद्यानों को जनभागीदारी से ही सुरक्षित रखा जाए। सोसायटी गठित कर कार्यवाही कराए जाने के लिए सभी पार्षदों से बात कर उन्हे अपने-अपने क्षेत्रों में सोसायटी की मीटिंग बुलाकर प्रेरित किया जा सकता है। सोसायटी को यह अधिकार दिया जा सकता है की वह मामूली टिकट शुल्क भी निर्धारित कर उद्यानों के रखरखाव हेतु उपाय कर सकती है। पार्षद सरिता वर्मा ने उद्यानों में बिजली की पर्याप्त व्यवस्था करने संबंधित सुझाव दिया,उन्होंने कहा कि सभी उद्यानों में सुंदर लाइटें लगाई जाएँ। इससे उद्यानों का सौंदर्यीकरण होगा। सलाहकार समिति के सभी सदस्यों ने उद्यानों में ओपन जिम को दुरुस्त कराने का सुझाव दिया, साथ ही उनके सतत संधारण की व्यवस्था बनाए जाने का सुझाव भी दिया।

अध्यक्ष सुरेश चन्नावार, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा सहित पार्षद सरिता वर्मा ने नवीन उद्यानों के निर्माण में विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आज निकाय क्षेत्र की शासकीय जमीनों को सुरक्षित करने के लिए नवीन उद्यानों का निर्माण, जिसमें कम से कम प्लांटेशन, बाउंड्रीवाल एवं बिजली व्यवस्था के साथ बैठक व्यवस्था प्रदान करते हुए नवीन उद्यान बनाये जाने चाहिए।

रमन सिंह बताएं, प्रधानमंत्री से क्या बात हुई : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की अपनी तस्वीर सोशल मीडिया में शेयर किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह प्रदेश के 15 साल मुख्यमंत्री रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है, उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात किया है तो छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है, उन्होंने प्रधानमंत्री से राज्य के हितों के लिये क्या बात किया? छत्तीसगढ़ की जनता को बताना चाहिए कि प्रधानमंत्री के साथ उनकी क्या बात हुई? छत्तीसगढ़ के हितों के संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री से क्या-क्या चर्चाएं की? प्रदेश में किसान बड़ी मात्रा में धान पैदा करते है धान का सही नियोजन राज्य के सामने आने वाले दिनों बड़ी चुनौती बनने जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार से धान से एथेनॉल बनाने के लिये अनुमति मांगा है। धान से एथेनॉल बनाने के लिये छत्तीसगढ़ को अनुमति देने के संबंध में रमन सिंह ने प्रधानमंत्री से बात किया अथवा नहीं। यदि बात किया तो प्रधानमंत्री ने क्या आश्वासन दिया रमन सिंह प्रदेश की जनता को बतायें।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ को पचपन हजार करोड़ रू. का केंद्र सरकार से लेनदारी है।

राजस्व विभाग को डिजिटल करने पर अधिकारियों ने महापौर का जताया आभार

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के राजस्व विभाग के अपर आयुक्त अरविन्द शर्मा, उपायुक्त आर. के. डोंगरे सहित सभी जोन सहायक राजस्व अधिकारियों ने नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर एवं राजस्व विभाग की अध्यक्ष अंजनी राधेश्याम विभार का उन्हें नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग को पूरी तरह से डिजिटल किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बुके देकर उन्हें हार्दिक धन्यवाद दिया. अधिकारियों ने महापौर एवं राजस्व विभाग अध्यक्ष को बताया कि अब रायपुर नगर निगम के सभी करदाताओं को घर बैठे सम्पतिकर, यूजर चार्ज सहित नगर निगम के सभी करों को यूपीआई के माध्यम से आसानी से अदा कर सकने की ऑनलाइन सुविधा नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा उपलब्ध करवा दी गयी है. कोई भी करदाता नागरिक नगर निगम रायपुर के सभी करों का भुगतान जी पे के माध्यम से आसानी से कर सकता है.इससे किसी भी करदाता नागरिक को नगर निगम के जोन कार्यालय के कर अदायगी के लिये चक्कर लगाने की अब कोई आवश्यकता नहीं रह गयी है. महापौर एजाज ढेबर ने रायपुर नगर निगम राजस्व के डिजिटल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं महापौर एवं राजस्व विभाग अध्यक्ष ने सभी करदाता नागरिकों से घर बैठे नगर निगम रायपुर को समस्त करों की अदायगी ऑनलाइन सिस्टम का पूर्ण सदुपयोग करते हुए करने का विनम्र अनुरोध किया है. महापौर एवं राजस्व विभाग अध्यक्ष ने निगम राजस्व विभाग के डिजिटल होने पर अपर आयुक्त, उपायुक्त, सभी जोन सहायक राजस्व अधिकारियों को उनकी सराहना करते हुए हार्दिक बधाई दी एवं सभी करदाताओं को शत - प्रतिशत संख्या में निगम के सभी करों का भुगतान ऑनलाइन करने अधिक से अधिक जागरूक बनाने का नगर निगम के हित में आव्हान किया.

जयंती... छत्तीसगढ़िया अधिकार दिवस के रूप में स्व जोगी की जयंती को जनता कांग्रेस ने बनाया यादगार

डॉ रेणु जोगी को सदस्य बनाकर किया सदस्यता अभियान की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और यादगार रहा राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री व जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संस्थापक स्व अजीत जोगी की जयंती समारोह 2022 को छत्तीसगढिया अधिकार दिवस में धूमधाम से मनाया और एकता की मिसाल पेश करते हुए जोगी कांग्रेस के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले विरोधियों को करारा जवाब दिया इस अवसर पर तपती गर्मी की परवाह किए बिना छत्तीसगढ़ के कोने-कोने बस्तर, बीजापुर, कोंडागांव, मारवाही पेंड्रा, कोटा, बिलासपुर, दुर्ग राजनांदगांव, कवर्धा, महासमुंद, मुंगेली आदि जिलों से सैकड़ों जोगी कांग्रेसी जयंती समारोह में शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ स्व जोगी जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ शुरू की गई। इस अवसर परकार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित जोगी ने कहा मेरे पिता अजीत जोगी अभी मरे नहीं है, जोगी अभी जिंदा है , टाइगर अभी जिंदा है। छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ 20 लाख के दिलों में जिंदा है और उनके आशीर्वाद जब तक मेरे सर पर गरीबों का हाथ तब तक जोगी के अस्तित्व को कोई नहीं मिटा सकता। इस दौरान अमित जोगी नहीं भूपेश सरकार पर जमकर बरसते हुए कहा भूपेश सरकार यू टर्न लेने वाली सरकार है, भूपेश है तो भरोसा नहीं बल्कि भूपेश है तो धोखा है। गेड़ी चढ़कर, भौरा चलाकर और 100 सोंटा खाने से भी छत्तीसगढ़ का विकास नहीं होगा बल्कि छत्तीसगढ़ के खनिज संपदा बिजली, पानी, रोजगार, हीरा, मोती कोयला, बॉक्साइट पर छत्तीसगढ़िया का पहला अधिकार होगा तब जाकर छत्तीसगढ़ का विकास होगा। इससे पहले 15 साल एक दारू वाले बाबा थे अब दूसरे दारू वाले कका है जिन्होंने 3 साल में छत्तीसगढ़ को बेहाल कर दिया कर्ज में डुबोकर कंगाल कर दिया इस सरकार को उखाड़ फेंकना है और छत्तीसगढ़ियों की सरकार बनाकर जोगी जी के अधूरे सपने को पूरा करना है।

इस दौरान विधायक दल के नेता वरिष्ठ नेता वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह ने जोगी जयंती समारोह में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर गदगद हुए और उन्होंने कोने-कोने से आए जोगी कांग्रेसियों का तहे दिल से स्वागत करते हुए कहा यही हमारी ताकत है और इन्हीं के बदौलत हम 2023 में छत्तीसगढ़ीयों की सरकार बनाएंगे। विपरीत और कठिन परिस्थितियों में आज यह लोग जोगी कांग्रेस के साथ खड़े हैं यह इनकी ईमानदारी और निष्ठा को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। धर्मजीत सिंह ने भूपेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा जो लोग हमारी पार्टी के अस्तित्व पर सवाल उठाते है वे लोग पहले अपनी पार्टी की चिंता करें। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के प्रदर्शन से बेहतर प्रदर्शन हमने 2018 के चुनाव में छत्तीसगढ़ में किया है। 2018 में 5 सीटें भेज कर हमने एक इतिहास रचा है अब आने वाले समय में हम सरकार बनाने का भी दम रखते हैं।

पार्टी में सुप्रीमो डॉक्टर रेणु जोगी जी ने जोगी जयंती की बधाई देते हुए कहा आज के दिन हम सबके लिए हमारी पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह संकल्प लेने का दिन है, जोगी जी के अधूरे सपने को पूरा करने का दिन है। आज जोगी जी हमें देख कर एक साथ इस सभाकक्ष में देखकर हमारी एकता को देखकर जोगी जी की आत्मा को शान्ति मिल रही है।

समारोह में बलौदा बाजार के विधायक प्रमोद शर्मा ने ओजस्वी भाषण देते हुए कहा जोगी कांग्रेस एक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है और हम सभी इस परिवार के सदस्य हैं। परिवार में छोटी मोटी बातें होती रहती है, इसका यह मतलब नहीं कि परिवार टूट जाता है।

दूध नदी में रिटर्निंग वाल निर्माण कार्य सहित पेंडिंग कार्य जल्द पूर्ण करें : शोरी

कांकेर/नवप्रदेश। विधायक शिशुपाल शोरी, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव और कलेक्टर चन्दन कुमार ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों में प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया एवं सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिये। कांकेर शहर से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण के लिए प्लान बनाकर उसे समय सीमा में क्रियान्वित करने हेतु लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिये गये। सड़क चौड़ीकरण हेतु तकनीकि स्वीकृति, वृक्षों की कटाई, विद्युत पोल एवं पाईप लाईन शिप्टिंग इत्यादि के संबंध में चर्चा की गई तथा पाईप लाईन शिप्टिंग के लिए अविलंब टेंडर जारी करने के निर्देश दिये गये। सड़क के दोनो किनारे भूमिगत पाईप लाईन बिछाने, ज्ञानी चौक से पण्डरीपानी तक गौरव पथ का निर्माण, ऑडिटोरियम का निर्माण इत्यादि के संबंध में भी बैठक में चर्चा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। कांकेर शहर में दूध नदी के किनारे रिटर्निंग वॉल बनाने के लिए टेंडर खुलने की जानकारी जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा दिया गया, उन्हें इस कार्य को अविलंब प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये। कांकेर से भानुप्रतापपुर सड़क निर्माण, जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन की स्थापना पर भी चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे.एल. उईके ने बताया कि जिला अस्पताल में सीटी स्केन की सुविधा उपलब्ध होने से क्षेत्र के लोगों को बहुत सुविधा हुई है, यहॉ पर प्रतिदिन लगभग चार से पांच मरीजों के सीटी स्केन हो रहें है, अब तक लगभग 02 हजार सीटी स्केन किया जा चुका है। बैठक में कचरा प्रबंधन के लिए उपायों की समीक्षा भी की गई, जिसमें सीएमओ कांकेर द्वारा बताया गया कि ईमलीपारा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्थल चयन कर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही साथ मशीन भी स्थापित किया जायेगा। मत्स्य कार्यालय कांकेर के पास मंगलभवन निर्माण के लिए पुनः टेंडर जारी करने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया। ससंदीय सचिव श्री शोरी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा निर्माण कार्यों को प्रारंभ करने एवं उनके पूर्ण होने की जानकारी उन्हे दी जावे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

मेडिकल व बीएड कॉलेज का सीएम सलाहकार ने किया औचक निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। अलबेलापारा कांकेर का शासकीय कन्या महाविद्यालय भवन जिसमें पहले डेडिकेटेड कोविड अस्पताल संचालित था। उक्त भवन से अब मेडिकल कॉलेज कांकेर का मातृ एवं शिशु रोग विभाग संचालित किया जायेगा। इस भवन में सभी मूलभूत सुविधाएं एवं मशीनों की स्थापना की गई है, जिसका निरीक्षण विधायक शिशुपाल शोरी, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी और कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने यहॉ बनाये गये पीपीओटी कक्ष, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, आपरेशन रूम, प्री ऑपरेटिव वार्ड, किचन, पोषण पुनर्वास केन्द्र, मातृ कक्ष, डेमो रूम, ट्रू-नाट लैब, शिशु वार्ड, स्टॉफ रूम, प्रसुति एवं स्त्री रोग आईसीयू, शिशुरोग आईसीयू, लेक्चर हॉल, शिशु रोग ओपीडी, मेटरनिटी वार्ड, लेबर रूम इत्यादि सहित अन्य कक्षों का अवलोकन किया एवं जो कार्य शेष रह गये है, उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। संसदीय सचिव शोरी एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार तिवारी और कलेक्टर ने बीएड कॉलेज कांकेर का भी आकस्मिक निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। वर्तमान में इस शिक्षा महाविद्यालय में 23 विद्यार्थी अध्ययन कर रहें हैं। बीटीआई के पुराना हॉस्टल का भी उनके द्वारा अवलोकन किया गया एवं इस भवन का बेहतर उपयोग करने के संबंध मे विचार विमर्श की गई। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका कांकेर के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल उईके, सिविल सर्जन डॉ. आर.सी ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू सहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

कोदागांव माध्यमिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय मिडिल स्कूल कोदागांव के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मुख्य अतिथि पंचूराम नायक सरपंच ग्राम पंचायत कोदागांव, कार्यक्रम कर अध्यक्षता एनके बिछियां ने किया। बच्चों के प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए हौसला अफजाई कर मुख्य अतिथि सरपंच पचु राम नायक के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नायक ने बच्चों को स्कूल और शिक्षा का महत्व बताते कहा कि समय से स्कूल आना और शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जाने का भरपूर ज्ञान बटोरे साथ ही बच्चों ने वार्षिक परिक्षा परिणाम में बेहतर परिणाम लाकर गांव का नाम रोशन किया है। जो बच्चे प्रवीण्य स्थान नहीं बना पाए है वे बच्चे हत्तोसाहित ना हो बल्कि आने वाले समय के लिए अभी से पढ़ाई में जुटकर आने वाले समय में प्रवीण्य स्थान बनाकर सफल होने की बातें कही। कार्यक्रम में एचएम कनस नेताम, संतोषी प्रयाग, लोमश ध्रुव, किशोर ठाकुर, अनिल सिन्हा, पवन मिश्रा, छात्रावास अधीक्षक टिकेश्वर भुवार्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक कर उपस्थिति रही।

शासकीय माझांपारा हाई स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय स्कूल पूर्व माध्यमिक शाला एवं माझांपारा हाई स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम मुख्य अतिथि मैरूननिशा प्राचार्य अनिता दता राय, प्रधान पाठक संतानु कतिहारी एवं सभी शिक्षकों, पालकों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में दीक्षांत समारोह के द्वारा घोषित किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रेक्टीसिंग का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा हाई स्कूल माझांपारा का कक्षा नवमीं का परिक्षा परिणाम 65 प्रतिशत रहा। दीक्षांत समारोह में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार प्रदान किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला से कक्षा 6वीं से योगान्त देवागंन प्रथम, आलिया बानों द्वितीय, गौरव साहू तृतीय, कक्षा 7 वीं से नीलकंठ यादव प्रथम, पुष्कर पुरी द्वितीय तथा चिरांग साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं से तनिषा देवागंन प्रथम, तरूण देवागंन द्वितीय तथा यशस्वी साहू तृतीय स्थान पर रही। तनिषा देवागंन को मिडिल स्कूल से बेस्ट स्टूडेन्ट का पुरस्कार प्राप्त हुआ। हाई स्कूल से कक्षा नवमीं से झरना साहू प्रथम, द्वटंवकल पटेल द्वितीय तथा धारणी देवागंन तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने शाला को गौरवान्वित किया। स्र्वणी उइके को हाई स्कूल के आदर्श छात्रा का पुरस्कार प्राप्त हुआ। दीक्षांत समारोह में बहुत संख्या में पालकगण भी उपस्थित हुये। शाला के वरिष्ठ शिक्षक पी.के विश्वास जीआर जैन,लीना वट्टी, बतीता ठाकुर, कल्पना हालदार, रामअजन नेताम धीरज रजक आदि शिक्षक ने बच्चों को प्रोत्साहित कर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर अभिभावक एवं शाला विकास समिति के सक्रिय सदस्य मैरून निशा को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।

केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए : मटियारा

कांकेर-नरहरपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटीयारा को केंद्र सरकार द्वारा बीज प्रमाणन बोर्ड में सदस्य बनाए जाने पर प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मटीयारा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार देश में विभिन्न जनकलयाणकारी योजनाएं संचालित कर रही जिसका लाभ हर वर्ग को आज मिल रहा। इसी उद्देश्य के साथ केंद्र सरकार ने मुझे बीज प्रमाणन में सदस्य के रूप में चुना है जिसके तहत मेरा हर संभव प्रयास होगा की मेरे माध्यम से जन जन को योजनाओं का लाभ मिले मैं यह प्रयास करूँगा साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भविष्य में प्रदेश में चुनाव होना है जिसके लिये कार्यकर्ता आज से ही कमर कस मैदान में उतर जाए तथा प्रदेश कांग्रेस सरकार की विफलता को जनता को बताए की किस तरह प्रदेश सरकार ने लोगों के ठगा और प्रदेश विकास में किस तरह तेजी से पिछड़ रहा और आने वाले चुनाव में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना तय है। लोगों का कांग्रेस पर से मोह भंग हो गया है।

20 बेजुबान जानवरों का निशुल्क रेबीज एवं क्रीमी गोली का वितरण

कांकेर/नवप्रदेश। विश्व वेटरनरी दिवस के अवसर पर जिला पशु चिकित्सा के प्रांगण में शनिवार को पशुओं का निशुल्क जांच एवं एंटी रेबीज शिविर एवं क्रीमी गोली का वितरण किया गया। 20 कुत्ते बिल्लियों को निशुल्क रेबीज एवं क्रीमी गोली का वितरण किया गया। विश्व वेटरनरी दिवस डॉ सत्यम मित्रा उप संचालक पशु चिकित्सा एवं सेवाएं जिला कांकेर के निर्देशानुसार कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संघ कांकेर के तत्वाधान में विश्व वेटरनरी दिवस का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सालय प्रभारी डॉ प्रीति कोडोपी ने कहा कि रेबीज वाइरस एक खतरनाक बीमारी है जिसका लक्षण कभी-कभी तुरंत पता नहीं चलने पर 10 साल बाद भी अचानक व्यक्ति या बच्चे की मौत तक हो जाती है। नए-नए वायरस के द्वारा पशुओं में होने वाले रोगों के बारे में उन्होंने प्रकाश डाला। उमेश डहरिया ने प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए जीव-जंतुओं एवं पशुओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में प्रकाश डालते हुए बेजुबान जानवरों की इलाज करने वाले डॉक्टरों और पशु परिक्षेत्र अधिकारियों का सेवा भाव को उत्साहवर्धन किया। डा सत्यम मित्रा ने शासन की योजनाओं के बारे में तथा नए नए उन्नत पशुओं की नस्ल के बारे में तथा अपने कर्मचारियों को अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए पशु चिकित्सा के सुदृढ़ीकरण एवं पशु आहार तथा चिकित्सीय गुणों को निरंतर अध्ययन करके प्रयासरत रहने के लिए कहा। इस कार्यक्रम अजय शर्मा, किशन पाण्डे, उमेश डहरिया का विशेष योगदान रहा।

युवोदय द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

जगदलपुर/नवप्रदेश। विकासखंड तोकापाल के अंतर्गत ग्राम पोटानार में युवोदय के तत्वावधान में एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई । प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे । उक्त प्रतियोगिता में रस्साकशी, गोला फेक, कुर्सी दौड़ के साथ-साथ बस्तर जिला के ग्रामीण खेल जैसे बारह डांडी जैसे खेल भी खेले गए । ऐसे परंपरागत खेल का आयोजन होना अपने में उल्लेखनीय है । यह खेल धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं। आयोजकों द्वारा आयोजित इस खेल की उपस्थित लोगों ने प्रशंसा की । खेलकूद के साथ-साथ ग्रामीण जनों की समस्याओं के निराकरण के लिए विकासखंड मुख्यालय से आये विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा मांगों को मौके पर निपटाने के साथ-साथ संबंधित विभाग को अग्रेषित भी किया है । इस आयोजन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रणव दीवान, खंड शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, एबीओ पूनम सलाम, बीआरसी अजय शर्मा, एस.एल.कुजूर सहकारिता विभाग, सह.विस्तार अधिकारी, नेहा कोर्राम पटवारी राजस्व विभाग, प्रेरणा पोटाई खाद्य निरीक्षक खाद्य विभाग, अविनाश माने, डी.कोटेश्वर नायडू पी.टी.आई शिक्षा विभाग, ब्लॉक कार्डिनेटर परमानन्द बघेल, ममता राय, कलस्टर कार्डिनेटर बीरेंद्र बघेल, बबीता नाग आदि ने आयोजन की सफलता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सबको मिले न्याय...

मुख्यमंत्रियों ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दौरान दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से गर्मजोशी के साथ मुलाकात की।

न्याय व्यवस्था का रोडमैप होगा तैयार : पीएम ने आगे कहा कि हमारे देश में जहां एक ओर ज्यूडिशरी की भूमिका संविधान संरक्षक की है, वहीं लेजिस्लेचर नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि संविधान की इन दो धाराओं का ये संगम, ये संतुलन देश में प्रभावी और समयबद्ध न्याय व्यवस्था का रोडमैप तैयार करेगा।

राज्यों को अप्रासंगिक कानून हटाने को कहा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2015 में हमने करीब 1800 ऐसे कानूनों को चिन्हित किया था जो अप्रासंगिक हो चुके थे। उन्होंने कहा कि इनमें से केंद्र ने 1450 कानूनों को खत्म कर लोगों को राहत दी है। लेकिन राज्यों की तरफ से केवल 75 कानून ही खत्म किए गए हैं।

कल से तीन...

वैश्विक व्यवसायियों से भी बातचीत करेंगे। मोदी दो मई को जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। यह इस साल होने वाली उनकी पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पहले जर्मनी जाएंगे, उसके बाद डेनमार्क और फिर चार मई को वापसी में कुछ समय के लिए पेरिस में रुकेंगे।

वहीं, मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है और देश में अर्ध-चालकों (सेमी-कंडक्टर) की खपत 2030 तक 110 अरब अमरीकी डॉलर के पार होने की उम्मीद है। यह दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता स्टार्ट-अप 'इको-सिस्टम' है। उन्होंने कहा कि भारत अगली प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व करने के लिए तैयार है और अन्य चीजों के साथ ही 5जी में क्षमताओं को विकसित करने में निवेश किया जा रहा है।

जनरल मनोज पांडे ने ...

कमान संभाली है, जब भारत चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर चुनौती सहित असंख्य सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। सेना प्रमुख के रूप में, उन्हें थिएटर कमांड को तैयार करने की सरकार की योजना पर नौसेना और वायु सेना के साथ समन्वय करना होगा।

भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत थिएटर कमांड तैयार करने पर काम कर रहे थे, जिनका पिछले साल दिसंबर में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया। सरकार ने अभी नया प्रमुख रक्षा अध्यक्ष नियुक्त नहीं किया है।

लेफ्टिनेंट जनरल पांडे अपने करियर के दौरान अंडमान निकोबार कमान के प्रमुख के तौर पर भी काम कर चुके हैं। अंडमान निकोबार कमान भारत में तीनों सेनाओं की एकमात्र कमान है।

कार्यालय नगर पंचायत-नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Phone/Fax No. 07700-251887
E-mail-cmonagri84@gmail.com
क्र./137/न.पं./राजस्व/2022-23
नगरी, दिनांक 25/04/2022

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार भारती पिता घनश्याम भारती जाति गोस्वामी वार्ड क्र. 04 नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा वार्ड क्र. 04 में श्री संतोष कुमार जैन पिता मदन लाल जैन के नाम पर दर्ज काबिज मलमा को मलमा की बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय कर अपना नाम संग्रहण पंजी में नाम दर्ज करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन के बाबत यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति/संस्था का हितबद्ध हो, तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 25/05/2022 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/04/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
आरओएसएआरबी, बिलासपुर, बाजपयी पवेलियन व्यापार विहार रोड, गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने, बिलासपुर (छ.ग.) फोन: 07752-441643
email:rosarb.bilaspur@bankofbaroda.com

ई-नीलामी विक्रय सूचना

परिशिष्ट - IV क (नियम 8 (2) एवं 8 (6) का परन्तुक देखें।
अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(2) एवं 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के नीचे दी गई शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है" एवं "दायित्व रहित" के आधार पर निम्नलिखित वर्णित ऋणियों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

क्र. सं.	ऋणी/जमानतदार/बंधक का नाम एवं शाखा	अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण ज्ञात भार सहित यदि कोई	बकाया राशि	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बिड वृद्धि	आधिपत्य का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
01.	मेसर्स किरन इंजीनियरिंग वर्क्स, श्री किरन साहू, पार्वती बंजारे, धनीराम बंजारे, शाखा: जांजगीर (छ.ग.)	प्लॉट नं. 10, क्षेत्रफल- 882 वर्गफीट, खसरा नं. 4370/9, प.ह.नं. 47 आरएनएम- जांजगीर, दीप्ति विहार कालोनी, डॉ.राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, वार्ड नं. 18, जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा भूमि व अधूरा भवन।	13,44,031.81 + ब्याज + अन्य शुल्क	31.05.2022 दोप. 2.00 बजे से 6.00 बजे तक	8.40 लाख / 0.84 लाख / दस हजार	सांकेतिक	26.05.2022 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक
02.	मेसर्स शैल सेन्ट्रिंग वर्क्स शैल कुमारी राठौर, सुनील राठौर, शाखा: जांजगीर (छ.ग.)	शैल कुमारी राठौर के नाम पर खसरा नं. 4470/292 का क्षेत्रफल- 2180 वर्गफीट, आरएनएम- जांजगीर, पुराना इरीगेशन कालोनी के पीछे, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, वार्ड नं. 18, जांजगीर-चांपा में स्थित खुली भूमि।	17,39,525.00 + ब्याज + अन्य शुल्क	31.05.2022 दोप. 2.00 बजे से 6.00 बजे तक	14.37 लाख / 1.50 लाख / दस हजार	सांकेतिक	26.05.2022 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक
03.	सुशील दाल मिल, सुशील मौर्या, मीना मौर्या शाखा: भाटापारा (छ.ग.)	श्री सुशील कुमार मौर्या के नाम पर खसरा नं. 90/1 क्षेत्रफल- 0.124 हेक्टेयर या 13342 वर्गफीट, ग्राम- धौराभाठा, प.ह.नं. 12, आरआईसी एवं तहसील- भाटापारा, जिला- बलौदा बाजार में स्थित खुला प्लॉट।	2,54,94,598.97 + ब्याज + अन्य शुल्क	31.05.2022 दोप. 2.00 बजे से 6.00 बजे तक	28.35 लाख / 2.85 लाख / दस हजार	सांकेतिक	26.05.2022 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक
04.	मेसर्स यशवंत नायक, यशवंत नायक, परमानंद नायक शाखा: अम्बिकापुर (छ.ग.)	परमानंद नायक के नाम पर खसरा नं. 189/2 एवं 190/2, प.ह.नं. 39 का क्षेत्रफल- 37350 वर्गफीट, आरआईसी सरिया, बरमकेला- सरिया रोड, ग्राम- सांडा, तहसील- सारंगढ़, जिला- रायगढ़ में स्थित खुली भूमि।	25,13,583.50 + ब्याज + अन्य शुल्क	31.05.2022 दोप. 2.00 बजे से 6.00 बजे तक	41.28 लाख / 4.13 लाख / दस हजार	सांकेतिक	26.05.2022 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक
05.	खर्रा कन्स्ट्रक्शन कंपनी, अशोक कुमार गुप्ता, मंजु गुप्ता, शाखा: अम्बिकापुर (छ.ग.)	मंजु गुप्ता के नाम पर लीज प्लॉट नं./खसरा नं. 221/1,230 का क्षेत्रफल- 67500 वर्गफीट, ग्राम- खर्रा, आरएनएम ब्लॉक व तहसील, ओड़गी, जिला-सरगुजा में स्थित खुली भूमि।	23,37,245.00 + ब्याज + अन्य शुल्क	31.05.2022 दोप. 2.00 बजे से 6.00 बजे तक	24.10 लाख / 2.45 लाख / दस हजार	सांकेतिक	26.05.2022 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक
06.	खर्रा कन्स्ट्रक्शन कंपनी, अशोक कुमार गुप्ता, मंजु गुप्ता, शाखा: अम्बिकापुर (छ.ग.)	मंजु गुप्ता के नाम पर प्लॉट नं./खसरा नं. 221/2 का क्षेत्रफल- 65136 वर्गफीट, ग्राम- खर्रा, आरएनएम ब्लॉक व तहसील, ओड़गी, जिला-सरगुजा में स्थित खुली भूमि।	23,37,245.00 + ब्याज + अन्य शुल्क	31.05.2022 दोप. 2.00 बजे से 6.00 बजे तक	22.21 लाख / 2.23 लाख / दस हजार	सांकेतिक	26.05.2022 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक
07.	श्री सीताराम दाल मिल, दीपक तलरेजा, पुष्पा तलरेजा/ पुष्पा तलरेजा, कोमल तलरेजा, शाखा: भाटापारा (छ.ग.)	कोमल तलरेजा के नाम पर खसरा नं. 66/10, प.ह.नं. 7/12 क्षेत्रफल- 19910 वर्गफीट, ग्राम- धौराभाठा, तहसील- भाटापारा, जिला- बलौदा बाजार में स्थित भूमि व भवन।	4,48,44,713.00 + ब्याज + अन्य शुल्क	31.05.2022 दोप. 2.00 बजे से 6.00 बजे तक	32.53 लाख / 3.30 लाख / दस हजार	सांकेतिक	26.05.2022 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक

बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और https://ibapi.in पर दिए गए लिंक को देखें। उसके अलावा, संबंधित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं. 07752-441643 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 30.04.2022, स्थान: बिलासपुर
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एजोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

केजीएफ चैप्टर-2 एक हजार करोड़ के क्लब में शामिल

मुंबई (वार्ता)। कन्नड़ अभिनेता सुपरस्टार यश की फिल्म 'केजीएफ चैप्टर-2' अब 1,000 करोड़ रुपए कमाई करने वाली फिल्मों की सूची में शामिल हो गयी है। फिल्म ने 16वें दिन शुक्रवार को 4.25 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही यह फिल्म 1,000 करोड़ रुपए कमाई करने वाली चौथी भारतीय फिल्म बन गयी। फिल्म ने हिंदी संस्करण में भी बेहतर प्रदर्शन किया है, केवल हिंदी संस्करण में ही फिल्म ने अभी तक 353.06 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म समीक्षक और बिजनेस विशेषज्ञ तरण आदर्श ने केजीएफचैप्टर-2 के बारे में कहा कि फिल्म हिंदी संस्करण में जल्द ही 400 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो जाएगी। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने ट्वीट किया, केजीएफ चैप्टर-2 ने वैश्विक कमाई के मामले में 1,000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। दंगल, बाहुबली-2 और आरआरआर के बाद ये चौथी भारतीय फिल्म है, जो एक हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी 'केजीएफ चैप्टर-2' 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बाहुबली-2, दंगल और आरआरआर 1,000 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है, जिसके बाद अब केजीएफ चैप्टर-2 चौथी सबसे बड़ी फिल्म बन गई है।

ईडी ने अभिनेत्री फर्नांडीस की सात करोड़ की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने काले धन को वैध बनाने के मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस की सात करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

ईडी ने पिछले साल दिसंबर में अभिनेत्री फर्नांडीस को ठगी के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर मामले की जांच में तलब किया था, जिसमें उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था।

सूत्रों ने कहा कि ईडी ने अनुमान लगाया कि अभिनेत्री को सुकेश चंद्रशेखर से करोड़ों रुपये का गिफ्ट मिला था। उनके परिवार वालों को भी उससे कुछ रुपए मिले थे। इससे पहले ईडी ने सुकेश चंद्रशेखर को मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। वह कथित तौर पर जेल में रहकर ही रंगदारी का धंधा चला रहा था और उसके ऊपर एक प्रमोटर की पत्नी से 200 करोड़ रुपये की वसूली करने का आरोप है।

'रनवे 34' ने पहले दिन की सफल लैंडिंग

मुंबई (वार्ता)। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन और अभिनेता अजय देवगन की फिल्म 'रनवे 34' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी। इस फिल्म का निर्देशन सुपरस्टार अजय देवगन ने खुद किया है।

इस फिल्म को पहले दिन दर्शकों की मिली जुली रही। शुरुआती आलोचनात्मक और दर्शकों की समीक्षा हालांकि काफी हद तक सकारात्मक रही।

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने इस फिल्म को देखने के बाद ट्विटर पर लिखा, रनवे 34 अभी देखी। भाई अजय देवगन मजा आ गया कसम से, क्या थ्रिलर है, क्या धांसू वीएफएक्स है। शानदार अभिनय और निर्देशन। अमिताभ बच्चन सर आप हमेशा की तरह एफर्टलेस ही दिखें और रकुल प्रीत शानदार। टीम को मेरी ओर से शुभकामनाएं। यह फिल्म अच्छा करे। इस फिल्म में अभिनेता अमिताभ बच्चन और अजय देवगन की जोड़ी के अलावा अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह भी हैं। फिल्म में खराब मौसम और कम दृश्यता के बीच विमान को लैंड करते दिखाया गया है, यह सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें अजय देवगन पायलट की भूमिका में हैं।

अजय देवगन ने ट्वीट किया, दर्शकों को उनकी उड़ान पसंद आ रही है। इस फिल्म में अभिनेता अमिताभ बच्चन, अजय देवगन, बोमन ईरानी, रकुल प्रीत सिंह, अंगिरा धार, आकांक्षा सिंह, कैरी मिनाटी और अनूय ने भूमिका निभाई है।

न्यूज गैलरी

ईडी ने शाओमी इंडिया के बैंक खातों में जमा 5,551.27 करोड़ रुपये जब्त किए

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने चीनी प्रौद्योगिकी कंपनी शाओमी की भारतीय अनुसंगी कंपनी शाओमी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफभारत से गैर कानूनी तरीके से धन बाहर भेजने के आरोप में उसकी 5,551.27 करोड़ रुपये की राशि जब्त की हैं। ईडी ने एक बयान में कहा कि कंपनी के खिलाफ यह कार्रवाई विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999 के तहत की गयी है। बयान में कहा गया है,''ईडी ने मैसर्स शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खातों में पड़े 5,551.27 करोड़ रुपये की राशियों को भारत से गैर कानूनी तरीके से कंपनी द्वारा देश से बाहर भेजे जाने के संबंध में विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999 के प्रावधानों के अंतर्गत जब्त किया है।

सेमीफाइनल में थमा सिंधु का सफर

मनीला (वार्ता)। भारतीय बैडमिंटन स्टार और ओलम्पिक रजत विजेता पीवी सिंधु का एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सफर शनिवार को सेमीफाइनल में टॉप सीड जापान की अकाने यामागुची के हाथों तीन गेमों की संघर्षपूर्ण हार के साथ थम गया।

यामागुची ने चौथी सीड सिंधु को एक घंटे छह मिनट तक चले मुकाबले में 13-21,21-19, 21-16 से पराजित किया और फ़ाइनल में जगह बना ली। यामागुची का इस जीत के साथ सिंधु के खिलाफ 9-13 का रिकॉर्ड हो गया है। सिंधु ने जापानी खिलाड़ी से पहला गेम जीता लवेकिन इस लय को वह अगले दो गेमों में बरकरार नहीं रख पायीं और उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

दिल्ली को कुलदीप और वॉर्नर से हैं खासी उम्मीदें

मुम्बई (वार्ता)। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को होने वाले आईपीएल के 45वें मैच में दिल्ली को अपने चमत्कारिक स्पिनर कुलदीप यादव और विस्फोटक ओपनर डेविड वार्नर से काफी उम्मीदें रहेंगी। इस सीज़न में वॉर्नर ने छह पारियों में 52.18 के औसत और 158.18 के स्ट्राइक रेट से 261 रन बनाए हैं।

7-8 महीनों से अपनी गेंदबाज़ी स्किल पर मेहनत कर रहा था: क्रूणाल

मुम्बई (वार्ता)। जब आईपीएल के सबसे कंजूस गेंदबाज़ों की बात होती है, तो आप अनुमान लगाते होंगे कि इस सूची में सुनील नारायण का नाम सबसे ऊपर होगा। इस सीज़न में भी सुनील नारायण का नाम सबसे ऊपर है। लेकिन नारायण के नीचे जो दूसरा नाम है, वह किसी के लिए भी चौकाने वाला हो सकता है। दरअसल इस साल कम से कम 10 ओवर फेंकने वाले सबसे कंजूस गेंदबाज़ों की सूची में नारायण के बाद दूसरा नाम क्रुणाल पंड्या का है, जिन्होंने 6.18 की इकॉनोमी से गेंदबाज़ी की है।

2019 और 2020 के सीज़न में मुंबई इंडियंस की टीम क्रुणाल को कीरोन पोलार्ड के साथ पांचवें गेंदबाज़ के रूप में उपयोग करती थी। पिछले साल उनकी गेंदबाज़ी में कुछ गिरावट आई। इसके बाद उन्होंने अपनी गेंदबाज़ी पर छह से आठ महीने तक कड़ी मेहनत की। इसका उन्हें परिणाम भी मिला, जब 2017 के बाद उन्हें पहली बार प्लेयर ऑफ़ द मैच का अवार्ड मिला।

बाएं हाथ के स्पिनरों के ख़िलाफ़ पंजाब किंग्स के बल्लेबाज़ इस सीज़न में संघर्ष करते नज़र आए हैं। इस तरह से क्रुणाल उनके विरुद्ध एक मैच अप की तरह थे। गेंद के साथ क्रुणाल का यह सीज़न काफ़ी अच्छा भी गया है।मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए क्रुणाल ने कहा, ÷मैं पिछले कुछ महीनों से अपनी गेंदबाज़ी पर जी-तोड़ मेहनत कर रहा हूं। ढ्ढ राहुल सांघवी इसमें मेरे लिए सबसे मददगार रहे हैं। सात-आठ महीने पहले मेरी उनसे बात हुई थी और मैंने उनसे कहा था कि मैं अपना स्किल बढ़ाना चाहता हूं। मेरा माइंडसेट तो स्पष्ट था लेकिन स्किल को और बेहतर करना था ताकि मैं और प्रभावी गेंदबाज़ बन सकूं।

इसके अलावा क्रुणाल इस बात से भी चिंतित थे कि उनकी गेंदें अधिक टर्न नहीं होती हैं। उन्होंने कहा, ÷मैं अधिकतर छोटे फ़ॉर्मेट का मैच खेलता हूं तो कुछ पता ही नहीं चलता। मैं गेंदबाज़ी के दौरान काफ़ी झुक रहा था और पैर भी काफ़ी लंबा बाहर निकल रहा था। मुझे लगा कि अगर मैं कम झुकूंगा तो मुझे अधिक टर्न मिलेगा। मैं अपनी गति में बहुत परिवर्तन करता था, लेकिन अगर मुझे स्पिन भी मिलता हैं तो मैं बल्लेबाज़ के दिमाग़ से खेल सकता हूं। मैंने फिर से सांघवी से बात की। वह बहुत अच्छे इंसान हैं और मेरी हमेशा से मदद करते हैं।

पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच देश में शनिवार को लगातार 24वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव बना रहा।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घटत-बढ़त जारी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी। लंदन ब्रेंट क्रूड 107.14 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.19 प्रतिशत घटकर 104.11 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने पिछले 34 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

आर्थिक वृद्धि के लिए सरकारी कर्ज के स्तर को नीचे लाना जरूरी: आरबीआई

मुंबई (वार्ता)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में सरकारी कर्ज का स्तर अगले 2-3 वर्ष में कम करने की पारदर्शी रणनीति की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा गया है कि मध्यकालिक वृद्धि की संभावनाओं को बनाए रखने के लिए जरुरी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले 2-3 वर्षों में सरकारी कर्ज के अनुपात को जीडीपी के 66 प्रतिशत से नीचे लाने की स्पष्ट पारदर्शी रणनीति होनी चाहिए क्योंकि ऐतिहासिक रुझान दर्शाते हैं कि सरकारी ऋण जीडीपी के 50 प्रतिशत से ऊपर होने पर दीर्घकालीन ब्याज बढ़ जाता है और इसका वृद्धि की संभावनाओं पर असर पड़ता है।

वर्ष 2020-21 में भारत में केंद्र और राज्य सरकारों का सम्मिलित कर्ज जीडीपी के 77.5 प्रतिशत तक पहुंच गया था जिसमें राज्यों का कर्ज 26.63 प्रतिशत था।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कोविड के बाद के दौर में निजी क्षेत्र के निवेश पर आधारित आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों में समय से नए संतुलन बनाना जरूरी है। आरबीआई की मुद्रा और वित्त रिपोर्ट 2021-22 में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की गतिविधियों में सुधार सरकारी प्रोत्साहनों से उत्प्रेरित है।

लखनऊ की पंजाब पर 20 रन से शाही जीत

पुणे (वार्ता)। क्विंटन डी कॉक के 46 और दीपक हुड्डा की 34 रन की शानदार पारियों के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान तथा गेंदबाजों के सटीक प्रदर्शन से लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफआईपीएल मुकाबले में शुक्रवार को 20 रन से जीत हासिल कर ली। लखनऊ की नौ मैचों में यह छठी जीत है और वह तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गया है जबकि पंजाब को नौ मैचों में पांचवीं हार का सामना करना पड़ा।

लखनऊ ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 153 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर पंजाब को आठ विकेट पर 133 रन पर रोक दिया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कैगिसो रबादा ने लखनऊ के कप्तान लोकेश राहुल को छह रन पर आउट कर दिया। डी कॉक और हुड्डा ने दूसरे विकेट के लिए 85 रन की।

एयरटेल, अपोलो हॉस्पिटल्स और सिस्को ने 5% कनेक्टेड एम्बुलेंस के माध्यम से हेल्थकेयर के भविष्य को प्रदर्शित करने के लिए साझेदारी की

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख कम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने 5जी कनेक्टेड एम्बुलेंस तैयार करने के लिए अपोलो हॉस्पिटल्स और सिस्को के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के तरीके को बदल कर आपातकालीन स्थितियों में लोगों की जान बचाने में सहायक सिद्ध होगी। दूरसंचार विभाग द्वारा एयरटेल को आवंटित 5जी ट्रायल स्पेक्ट्रम के माध्यम से बेंगलुरु में यह प्रदर्शन किया गया।

कस्टम तरीके से डिज़ाइन की गई अत्याधुनिक 5% कनेक्टेड एम्बुलेंस नवीनतम चिकित्सा उपकरण, रोगी निगरानी अनुप्रयोगों और टेलीमेट्री उपकरणों से लैस है, जो वास्तविक समय में रोगी के स्वास्थ्य डेटा को अस्पताल तक पहुंचाते हैं। इसके अलावा, यह ऑनबोर्ड कैमरा, कैमरा-आधारित हेडगियर और पैरामेडिक स्टाफ के लिए बॉडीकैम से भी लैस है, यह सभी अल्ट्रा-फास्ट और लो लेटेंसी एयरटेल 5 जी नेटवर्क से जुड़े रहते हैं। आने वाले समय मे इसमें एआर/वीआर जैसी तकनीकों का भी समावेश किया जाएगा।

जब एक रोगी गंभीर हालत में अस्पताल के रास्ते में होता है और हर सेकंड महत्वपूर्ण होता है, ऐसे में 5% कनेक्टेड एम्बुलेंस अस्पताल के एक इमरजेंसी कक्ष के विस्तार के रूप में कार्य करती है और निम्नलिखित सुविधाएं करती है:

लगातार अस्पताल से कनेक्टिविटी: हाई-स्पीड, लो लेटेंसी 5% नेटवर्क हर एम्बुलेंस की जियोग्राफिक-लोकेशन को अस्पताल के कमांड सेंटर को लगातार रिले करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निकटतम उपलब्ध एम्बुलेंस मरीज के लिए आवश्यक गोल्डन ऑवर समय को बचाने के लिए गंभीर मरीज तक शीघ्र पहुंचे। इसके अलावा, एम्बुलेंस अस्पताल में डॉक्टरों और विशेषज्ञों को वास्तविक समय में रोगी के संपूर्ण टेलीमेट्री डेटा, महत्वपूर्ण जानकारी सहित, प्रसारित करती है। यह ईआर के डॉक्टरों को तेजी से निर्णय लेने की सुविधा देता है, जो चलती एम्बुलेंस में मौजूद पैरामेडिक्स को आवश्यक सहायता प्रदान करने की निर्देश देते रहते हैं। यह अस्पताल के कर्मचारियों को मरीज के आगमन पर बेहतर प्रबंधन और कीमती समय बचाने के लिए भी तैयार करता है।

बिजनेस

खादी ने वित्त वर्ष 2020-21 से 20.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

खादी ने किया एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार

नई दिल्ली (वार्ता)। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के खादी ब्रांड ने वित्त वर्ष 2021-22 में रिकार्ड एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार करते हुए देश की सभी फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। आयोग के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को यहां बताया कि खादी ब्रांड ने एक ऊंचाई हासिल की है जो देश में सभी एफएमसीजी कंपनियों के लिए एक दूर का लक्ष्य बना हुआ है। उन्होंने बताया कि खादी ने पहली बार 1.15 लाख करोड़ रुपये का भारी कारोबार किया है, जो देश में किसी भी एफएमसीजी कंपनी के लिए अभूतपूर्व है।

वित्त वर्ष 2021-22 में, केवीआईसी का कुल कारोबार पिछले वर्ष यानी 2020-21 में 95,741.74 करोड़ रुपये की तुलना में 1,15,415.22 करोड़ रुपये रहा है। इस प्रकार खादी ने वित्त वर्ष 2020-21 से 20.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2014-15 की तुलना में, वित्त वर्ष 2021-22 में खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्रों में कुल उत्पादन में 172 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई है। इसी अवधि के दौरान सकल बिक्री में 248 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। खादी का यह बड़ा कारोबार कोरोना महामारी की दूसरी लहर के कारण पहले तीन महीनों में यानी वर्ष 2022 में अप्रैल से जून तक देश में लॉकडाउन के बावजूद हुआ है। श्री सक्सेना ने बताया कि पिछले आठ वर्षों वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2021-22 में खादी क्षेत्र में उत्पादन में 191 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि खादी की बिक्री में 332 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अकेले ग्रामोद्योग क्षेत्र में कारोबार वित्त वर्ष 2021-22 में 1,10,364 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि पिछले वर्ष यह 92,214 करोड़ रुपये था। पिछले आठ वर्षों में, 2021-22 में ग्रामोद्योग क्षेत्र में उत्पादन में 172 प्रतिशत और बिक्री में 245 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्री सक्सेना ने कहा कि खादी के अभूतपूर्व विकास का श्रेय देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर किये जा रहे प्रयास को जाता है। 'स्वदेशी' और विशेष रूप से 'खादी' को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री की बार-बार अपील ने चमत्कार किया है।

प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्थानीय के लिए मुखर' के आह्वान का लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया है। नयी दिल्ली के कनॉट प्लेस में अपने प्रमुख स्टोर पर खादी की एक दिन की बिक्री भी 30 अक्टूबर 2021 को 1.29 करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गई।

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में, खादी का मुख्य ध्यान कारीगरों और बेरोजगार युवाओं के लिए स्थायी रोजगार सृजित करना रहा है।

अमेरिका में क्रिकेट के विस्तार के लिए निवेश करेगा नाइट राइडर्स समूह

मुम्बई (वार्ता)। कोलकाता नाइट राइडर्स की स्वामित्व वाली नाइट राइडर्स समूह वेस्टइंडीज़ के बाद अब अमेरिका में भी क्रिकेट में निवेश करेगा। वह लॉस एंजेलिस के निकट एक स्टेडियम बनवाएगा, जिसमें 2023 के मेजर क्रिकेट लीग के मैच हो सकते हैं। इससे पहले कैरेबियन प्रीमियर लीग में नाइट राइडर्स की स्वामित्व वाली एक टीम ट्रिनबागो नाइट राइडर्स खेलती है। वहीं अमेरिका के मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में भी समूह का निवेश है।

दक्षिणी कैलीफ़ॉर्निया में बन रहे इस स्टेडियम की क्षमता कम से कम 10 हज़ार होगी। मेजर लीग के सूत्रों के मुताबिक इस स्टेडियम के निर्माण में लगभग 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 230 करोड़ रुपये) का ख़र्च आ सकता है। कहा जा रहा है कि 2024 के पुरुष टी20 विश्व कप के मैच भी यहां आयोजित किए जा सकते हैं। वेस्टइंडीज़ के साथ अमेरिका भी इस विश्व कप का सह-मेज़बान है। इसके अलावा 2028 लॉस एंजेलिस ओलिंपिक्स में भी इस स्टेडियम का प्रयोग हो सकता है, जिसमें क्रिकेट भी एक खेल के रूप में प्रस्तावित है। नाइट राइडर्स समूह के सहमालिक शाहरुख़ खान ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, ÷अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य बहुत उज्ज्वल है और हम नाइट राइडर्स को एक ग्लोबल टी20 ब्रांड के रूप में स्थापित करना चाहते हैं।

स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

छत्तीसगढ़ शासन

न्याय का नया अध्याय

परीक्षा शुल्क माफ

- पी.एस.सी
- व्यापमं
- विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड

"कोरोना महामारी के महासंकट काल में जब एक तरफ पूरे देश में लोगों की नौकरियां छीनी जा रही थीं, तब वहीं दूसरी ओर हम युवाओं को नौकरी देकर राहत और सफलता के नए आयाम गढ़ रहे थे। हमारे नीतिगत फैसलों से प्रदेश में नौकरी और रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ रहे हैं। युवाओं को आर्थिक राहत देकर उन्हें अधिक परीक्षाओं के लिए सक्षम बनाने हेतु हमने नौकरी के लिए चयन करने वालि तीन प्रमुख परीक्षाओं में परीक्षा शुल्क माफ कर दिया है।"



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद : 32273/1

सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क